

कुलपति की कलम से .....

शिक्षा व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का आधार है, राष्ट्र की उन्नति और विकास का संवाहक है तथा सम्पूर्ण मानवता के सर्वोत्तम आदर्शों का स्तम्भ है। व्यक्ति और समाज के अभ्युदय के लिए बौद्धिक विकास से भी अधिक महत्वपूर्ण है, चरित्र निर्माण और उसका विकास। राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को सहेज कर रखने एवं अपनी गौरवशाली परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने का दायित्व भी हमारा ही है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति हेतु युवाओं को सक्षम बनाने की दृष्टि से गुणवत्तापरक शिक्षा भी आवश्यक है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय समाज के प्रत्येक वर्ग को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध है। विश्वविद्यालय द्वारा उसके उद्देश्यों की पूर्ति एवं दिशा के साथ-साथ राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) के महत्वपूर्ण सात मानकों — पाठ्यक्रम पक्ष, शिक्षण: अधिगम एवं मूल्यांकन, शोध, परामर्श एवं प्रसार अधिसंरचना एवं अधिगम संसाधन, छात्र समर्थन एवं प्रगति, शासन, नेतृत्व एवं प्रबन्धन, नवाचार एवं उत्तम क्रियायें – को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा अपना प्रथम वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

जहाँ एक ओर पारम्परिक शिक्षा गुरुकुल पर आधारित होती है, वहीं दूसरी ओर मुक्त या दूरस्थ शिक्षा छात्रकुल पद्धति पर। दूरस्थ शिक्षा में मूल्यपरक शिक्षा हेतु गुणवत्तापूर्ण पाठ्यसामग्री निर्माण की जाती है, क्योंकि यह पाठ्यसामग्री आधारित शिक्षा है। दूरस्थ शिक्षा समाज के उन वर्गों के सशक्तिकरण का एक प्रभावशाली माध्यम है, जो विभिन्न कारणों से औपचारिक शिक्षा से वंचित रहे हैं। आज सम्पूर्ण उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों में दूरस्थ शिक्षा के छात्र लगभग एक चौथाई की संख्या को पार कर चुके हैं। दूरस्थ शिक्षा पद्धति छात्र केन्द्रित शिक्षण व्यवस्था है। इसमें छात्रों को सभी सहायता सेवायें उन्हें केन्द्र में रखकर प्रदान की जाती है। ऑनलाइन प्रवेश में विवरणिका नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

सम्प्रति मुझे हर्ष है कि यह विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मैं इसके लिये सभी अध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई देता हूँ, जिनके निरन्तर सहयोग से विश्वविद्यालय का चतुर्दिक् विकास सम्भव हो सका है।

इस वार्षिक प्रतिवेदन को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के मापदण्ड के अनुरूप तैयार करने का प्रयास किया गया है। इसके लिये वार्षिक प्रतिवेदन के सम्पादक मण्डल के सभी सदस्य विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं।

प्रोफेसर नागेश्वर राव
कुलपति

आमुख (Preface)

ज्ञान-सम्पदा के इस युग में उच्च शिक्षा विकास का एक महत्वपूर्ण घटक है। विकास के इस दौर में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए हमें शिक्षार्थियों की संख्या दोगुनी करनी होगी, इस सत्य को अनेक योजनाकारों, आयोगों एवं चिन्तनशील व्यक्तियों द्वारा स्वीकार किया गया है। राष्ट्रीय ज्ञान आयोग ने राष्ट्र के समग्र विकास में उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका के सन्दर्भ में अनेक मूल्यवान दस्तावेज़ प्रकाशित किए हैं। इस सन्दर्भ में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण है। सम्पूर्ण विश्व का अनुभव दर्शाता है कि दूरस्थ शिक्षा समाज के उन विभिन्न वर्गों के सशक्तिकरण का एक प्रभावशाली माध्यम है, जो अन्यान्य कारणों से औपचारिक शिक्षा से वंचित रहे हैं। वर्तमान में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अनेक व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इनके अन्तर्गत कुछ ऐसे पाठ्यक्रम भी हैं जो तकनीकी प्रयोग के विशिष्टतम उपयोगों की ओर अभिमुख हैं। वे लोग जो दुर्गम एवं दूरवर्ती स्थानों में निवास करते हैं, जिनका सम्पूर्ण जीवन हाशिए पर रहा है, तथा जो समाज की मुख्य धारा से वंचित रहे हैं, ऐसे सभी वर्गों को दूरस्थ शिक्षा पुनः केन्द्र में लाकर एक सम्माननीय शैक्षिक जीवन जीने के लिए सशक्त करती है।

मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के व्यापक दर्शन की पृष्ठभूमि पर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2005 में उत्तराखण्ड शासन के अधिनियम संख्या 23 द्वारा इस उद्देश्य से की गई कि समग्र ज्ञान और कला-कौशल की स्वयं सीख पाने की विविध विधाओं द्वारा सक्षमता लोगों तक पहुँचायी जा सके। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय अपने अनेक नूतन, समसामयिक एवं उपयोगी शैक्षणिक कार्यक्रमों को सम्प्रेषण के नवीनतम प्रयोगों तथा सम्पर्क-सत्रों द्वारा अधिक सुदृढ़ बनाता रहा है। विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य इस राज्य के त्वरित विकास एवं उन्नयन हेतु प्रशिक्षित एवं विभिन्न कौशलों में दक्ष उपयोगी मानव संसाधनों का विकास करना है। इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य रहा है कि शिक्षा की गुणवत्ता में कभी किसी भी स्तर पर कोई समझौता न किया जाय। व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा में तीव्रता से हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने अपने पाठ्यक्रमों को इस प्रकार पुनर्गठित किया है कि रोजगार एवं स्व-रोजगार के नित्य नए द्वार खुल सकें।

विश्वविद्यालय मुख्य रूप से महिलाओं, जनजातियों तथा मुख्य धारा से अलग वर्गों के शैक्षिक उन्नयन हेतु कटिबद्ध है। विश्वविद्यालय के निरन्तर होते विस्तार से इसकी पहुँच आज इस राज्य के सुदूरवर्ती एवं दुर्गम स्थलों तक हो गई है। विभिन्न कम्पनियों एवं संगठनों से सहमति अनुबन्ध पत्र (एम0ओ0यू0) हस्ताक्षरित करके व्यवस्था की गई है कि सकल ज्ञान और संसाधनों का जनहित में मिलजुल कर उपयोग किया जा सके। विश्वविद्यालय का मूल चिन्तन है कि विकास के सभी महत्वपूर्ण कारकों को गुणकारी उच्च शिक्षा द्वारा प्रतिष्ठित कर राज्य तथा देश की सेवा में लगाया जा सके।

विश्वविद्यालय ने 8 क्षेत्रीय केन्द्र क्रमशः देहरादून, रुड़की, पौड़ी, उत्तरकाशी, रानीखेत, बागेश्वर, हल्द्वानी और पिथौरागढ़ में स्थापित किए हैं। इनके अधीन अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से शैक्षिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के ऐसे 237 अध्ययन केन्द्र हैं। विश्वविद्यालय के सभी कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

विश्वविद्यालय: एक परिचय

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना, उत्तराखण्ड शासन के एक्ट 23, 2005 द्वारा विधानसभा में पारित प्रस्ताव के माध्यम से हुई। इस विश्वविद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य राज्य में दूरस्थ प्रणाली के माध्यम से उच्च शिक्षा प्रदान करना, शिक्षा को रोजगारपरक एवं तकनीकी रूप में सर्वजन सुलभ ढंग से उत्तराखण्ड के दुर्गम क्षेत्रों तक के निवासियों तक पहुँचाना तथा शिक्षा को सर्वजन सुलभ बनाना है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना को 10 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। इन 10 वर्षों में इस विश्वविद्यालय ने प्रगति की नित्य-नवीन ऊँचाइयों को छुआ है। सीमित अवधि और अल्प संशाधनों के बावजूद भी विश्वविद्यालय की अकादमिक और प्रशासनिक गतिविधियाँ राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखित होती रही हैं। आज यह विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है, जिसकी पहुँच उसके सभी जिलों व सुदूर क्षेत्रों तक है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के मुख्यालय हल्द्वानी के अतिरिक्त देहरादून में भी एक क्षेत्रीय परिसर है। विश्वविद्यालय के 8 क्षेत्रीय केन्द्र तथा 237 अध्ययन केन्द्र हैं। मुक्त विश्वविद्यालय की संरचना में क्षेत्रीय केन्द्र तथा अध्ययन केन्द्र उसकी धमनियों के समान हैं, जिसके माध्यम से पूर्ण विश्वविद्यालय की गति प्रवाहित होती रहती है। मुक्त विश्वविद्यालय केन्द्र और विकेन्द्रीकरण का अद्भूत समन्वय होता है। एक ओर इसकी अपनी संदृष्टि और कार्य–उद्देश्य की पूर्ति के लिए विभिन्न केन्द्र होते है अर्थात् एक केन्द्र और फिर उसके बहुकेन्द्र। इस प्रक्रिया में केन्द्रीयता भी होती है और जनबद्ध-बोझिल एकरूपता का अभाव भी। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्रों पर संचालित होने वाले कार्यक्रम इसकी लोकधर्मिता, संजीवता व व्यापक प्रकार की ही प्रतिध्वनि हैं। इस विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान में 77 पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जिसमें मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान आदि विषयों से लेकर प्रबन्धन, पर्यटन जैसे रोजगारपरक विषय भी हैं। सत्र 2015-2016 विश्वविद्यालय के लिए विशेष उपलब्धियों से युक्त रहा हैं।

- इस अवधि में विश्वविद्यालय ने अधिकांश विषयों में स्व-निर्मित अध्ययन सामग्री का निर्माण किया।
- अकादमिक दृष्टि से विश्वविद्यालय की प्रगति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है। विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के लिए 53 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को विषय की अद्यतन जानकारी दी गई तथा साथ ही सम्बन्धित विषय के व्यवहार पक्ष को समझाया गया।
- उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के सदस्यों द्वारा बड़े स्तर पर संगोष्ठीयों में प्रतिभाग किया गया। इस अवधि में सदस्यों ने 100 से ज्यादा संगोष्ठियों में व्याख्यान / शोधपत्र पढ़े।
- विश्वविद्यालय के अकादमिक सदस्यों की शैक्षणिक प्रगति भी पर्याप्त सन्तोषप्रद रही । इस अवधि में उनके द्वारा अनेक शोधपत्रों / लेखों का प्रकाशन देश के विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुआ।
- विश्वविद्यालय के अकादमिक सदस्यों ने बड़े स्तर पर विश्वविद्यालय के लिए पाठ्य-पुस्तकों का सम्पादन किया तथा स्वयं इकाईयाँ लिखीं।

- विश्वविद्यालय के छात्रों को विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं में रोजगार के अवसर मिले। 1111 छात्रों को मारूति सुजुकी, गुड़गांव में नौकरी मिली, जबकि 20 छात्रों को अशोक लीलेन्ड, रूद्रपुर में नौकरी प्राप्त हुई। इस प्रकार की सफलता से विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम और भी प्रासंगिक हो उठे हैं।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति

कुलपति, प्रोफेसर एस.एस. हसन **(कार्यकाल :** 22 नवम्बर 2005-15 जुलाई 2008)



22 नवम्बर, 2005 को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति प्रोफेसर एस.एस.हसन द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही विश्वविद्यालय ने कार्य करना प्रारम्भ किया। विश्वविद्यालय का औपचारिक शुभारम्भ 25 नवम्बर, 2005 को हल्द्वानी में आयोजित एक समारोह में तत्कालीन मुख्यमन्त्री श्री नारायण दत्त तिवारी द्वारा किया गया। 20 जनवरी को प्रथम कुलसचिव डॉ.एस.ए.चारी ने कार्यभार ग्रहण किया और विश्वविद्यालय को शासन द्वारा नवाबी रोड स्थित उच्च शिक्षा निदेशालय के कार्यालय में कमरा आवंटित किया गया। विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा निदेशालय में प्राय: एक माह तक रहा। उच्च शिक्षा निदेशालय के उपरान्त शासन द्वारा विश्वविद्यालय को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में दो कमरे आवंटित किये गये, जिसमें एक कमरा कुलपति जी का व दूसरा कमरा कुल सचिव का था। ये दोनों कमरे कार्यालय के साथ-साथ आवास के रुप में भी प्रयुक्त होते थे। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में विश्वविद्यालय के 5 अकादमिक परामर्शदाता और 4 कर्मचारी कार्यरत थे। मार्च 2006 में विश्वविद्यालय के समुचित कार्यालय के सन्दर्भ में एक समिति बनायी गयी जिसकी संस्तुति के आधार पर राज्य सरकार ने किराये पर एक बड़े भवन को लेने की अनुमति प्रदान की। 10 अप्रैल, 2006 को विश्वविद्यालय कार्यालय, सिविल लाइन्स, भोटिया पड़ाव में वर्तमान सौरभ होटल के समीप के भवन में स्थानान्तरित हो गया। इस समय विश्वविद्यालय में छात्रों का कोई नामांकन नहीं था।

प्रमुख कार्य विवरण

- प्रो0 एस.एस.हसन ने विश्वविद्यालय में शैक्षिक कार्यक्रमों को प्रारम्भ करने के लिए 21-22 अप्रैल, 2006 को नैनीताल में एक कार्यशाला आयोजित करायी। इस कार्यशाला में भारत के विभिन्न राज्यों के मुक्त विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा मुक्त व दूरस्थ शिक्षा प्रणाली से सम्बद्ध प्रतिष्ठित विद्वानों ने प्रतिभाग कर विचार-विमर्श किया। कार्यशाला में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि शैक्षिक कार्यक्रमों के प्रथम चरण में कला, वाणिज्य और पर्यटन में स्नातक कार्यक्रमों को प्रारम्भ किया जाये तथा द्वितीय चरण में डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारम्भ किये जायें।
- शैक्षिक सत्र 2006-07 में विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हुई और स्नातक वाणिज्य व स्नातक पर्यटन के साथ स्नातक कला के स्तर पर अंग्रेजी, उर्दू, इतिहास, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन व समाज शास्त्र विषयों के साथ 2776 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया।
- इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से अध्ययन सामग्री प्राप्त कर छात्रों को 15 नवम्बर, 2006 तक अध्ययन सामग्री डाक द्वारा उपलब्ध करवा दी गयी।
- सन 2007 के मध्य में परीक्षा आयोजित की गयी और परीक्षाफल घोषित किया गया।
- शैक्षिक सत्र 2007-08 के लिए बी.ए., बी.कॉम., तथा बी.टी.एस. के साथ ही हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन, टूरिज्म एवं संस्कृत भाषा में डिप्लोमा तथा टी.वी. रिपेयरिंग एंड मेन्टेनेन्स एवं उर्दू में प्रमाण पत्र कार्यक्रम छात्रों को उपलब्ध कराये गये और प्रवेश की अन्तिम तिथि 14 अगस्त, 2007 निश्चित की गयी।

- शैक्षिक सत्र 2007-08 में 10 छात्रों ने डिप्लोमा इन टूरिज्म और 59 छात्रों ने डिप्लोमा इन होटल मेनेजमैण्ट कार्यक्रमों में तथा 1829 छात्रों ने स्नातक कार्यक्रमों सहित कुल 1898 छात्रों ने प्रवेश लिया। दो वर्ष पश्चात, 1 अप्रैल, 2008 को विश्वविद्यालय कार्यालय, सौरभ होटल के समीप के भवन से कुसुमखेड़ा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के उपरी तल में स्थानान्तरित हो गया। यहाँ डा.अनिल कुमार जोशी तथा उनके उपरान्त डा.बी.आर.पन्त ने विशेष कार्याधिकारी के रुप में कुलसचिव पद के दायित्व का निर्वहन किया।
- शैक्षिक सत्र 2008-09 में कुल 1503 छात्रों ने प्रवेश लिया, जिनमें 125 छात्रों ने डिप्लोमा कार्यक्रमों और 1378 छात्रों ने स्नातक कक्षाओं में प्रवेश लिया। प्रो0 हसन के कार्यकाल में सहायक प्राध्यापकों एवं प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी प्रारम्भ हुई और इन पदों के लिए आवेदन पत्र मॉगे गये।

कुलपति के रूप में प्रोफेसर एस.एस.हसन का कार्यकाल, विश्वविद्यालय की संरचना निर्माण और उसको एक आधारशिला प्रदान करने से सम्बन्धित रहा। उन्होंने कला, वाणिज्य और पर्यटन में स्नातक कक्षाओं के साथ ही कुछ डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम को भी आरम्भ किया और छात्रों के लिए लगभग 23 अध्ययन केन्द्रों की स्थापना की। उत्तराखण्ड के सभी 13 जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाकर परीक्षाओं का सफल संचालन सुनिश्चित कराया। विभिन्न चर्चाओं, बैठकों, गोष्ठियों एवं जनसंपर्क के द्वारा प्रोफेसर हसन ने उत्तराखण्ड में दूरस्थ शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य किया। दिनांक 15 जुलाई 2008 को प्रोफेसर हसन का कुलपति पद का कार्यकाल समाप्त हुआ और उसके उपरान्त 16 जुलाई 2008 से 24 नवम्बर 2009 तक राज्य के मुख्य सचिव श्री इन्दु कुमार पाण्डे ने कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार सम्भाला।

कुलपति, प्रोफेसर विनय कुमार पाठक (कार्यकाल: 25 नवम्बर 2009 – 24 नवम्बर 2012)



25 नवम्बर, 2009 को प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के द्वितीय कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

प्रमुख कार्य विवरण

प्रोफेसर पाठक ने विश्वविद्यालय के विकास के लिए एक साथ अल्पकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य करना प्रारम्भ किया।

- दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के ढाँचे को दृढ़ता से विकसित करने के लिए उत्तराखण्ड के सभी क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देते हुए आठ क्षेत्रीय केन्द्र देहरादून, रूड़की, पौड़ी, उत्तरकाशी, हल्द्वानी, द्वाराहाट, पिथौरागढ़, एवं बागेश्वर में स्थापित हुए और केन्द्र निदेशकों की नियुक्ति हुई।
- अध्ययन की सुविधा के लिए 216 अध्ययन केन्द्र स्थापित किये गयें।
- शैक्षिक सत्र 2010-11 में विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई और यह संख्या 7380 तक पहुँच गई।
- विश्वविद्यालय के प्रति जनसामान्य में जागरूकता हेतु अभियान चलाये गये एवं विश्वविद्यालय के प्रचार एवं प्रसार के लिए योजनाबद्ध रूप से सम्पर्क अभियानों को संचालित किया गया।

- अकादमिक गतिविधियों में तेजी लाई गयी और स्नातक के साथ ही स्नातकोत्तर स्तर और व्यावसायिक शिक्षा में भी पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए गये।
- अध्ययन सामग्री के लिए विभिन्न मुक्त विश्वविद्यालयों के साथ अनुबन्ध किए गये।
- विश्वविद्यालय में अनेक संगोष्ठियाँ, कार्यशालायें, परिचर्चा एवं सम्मेलन आदि आयोजित किए गये।
- विश्वविद्यालय ने सन 2010 में भीमताल में एक कार्यशाला आयोजित करायी। इस कार्यशाला में विभिन्न राज्यों के मुक्त विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा मुक्त व दूरस्थ शिक्षा प्रणाली से सम्बद्ध प्रतिष्ठित विद्वानों ने प्रतिभाग कर विचार-विमर्श किया।
- विश्वविद्यालय की अध्ययन परिषद, कार्य परिषद, वित्त समिति का गठन किया गया और विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों की स्वीकृति के लिए विद्या परिषदों की बैठकें आयोजित की गयीं।
- विश्वविद्यालय ने छात्रों के हित में हिल्ट्रॉन, यूनीवर्सिटी18, केफे-टी, एफटीडीसी, इण्डो-डच, टाटा मोटर्स, आइकेसी पुणे, इण्टेल जैसी संस्थाओं के साथ अनुबन्ध किया।
- विश्वविद्यालय में आई.सी.टी. विभाग की स्थापना हुई और उत्कृष्ट सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विकसित हुई, जिसके तहत विद्यार्थियों के प्रवेश, पुस्तक वितरण, शुल्क, परीक्षा एवं अकादमिक स्टाफ से सम्बन्धित सभी सूचनाओं का डाटा बेस बनना आरम्भ हुआ।
- विश्वविद्यालय से सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ नवनिर्मित वैबसाइट में डाली गयीं तथा छात्रों को सूचना देने के लिए एसएमएस प्रणाली का उपयोग किया जाने लगा।
- छात्रों की समस्या हल करने के लिए टॉल फ्री नम्बर 18001804025 दिया गया और ऑनलाइन समस्या निवारण का प्रावधान भी किया गया।
- शैक्षिक सत्र 2011-12 में विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या बढ़कर 13729 तक जा पहुँची तो शैक्षिक सत्र 2012-13 में यह संख्या 21316 हो गयी।
- शैक्षिक सत्र 2012-13 से विश्वविद्यालय ने स्वनिर्मित पाठ्यसामग्री स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष के छात्रों को देना प्रारम्भ किया।
- विभिन्न कार्यक्रमों के लिए स्वनिर्देशित अध्ययन सामग्री निर्माण के लिए कार्यशालायें एवं संगोष्ठियाँ आयोजित की गयीं। अकादमिक गतिविधियों में वृद्धि के लिए विभिन्न विषयों में सेमिनार का आयोजन किया गया।
- विश्वविद्यालय में लगभग 55 लाख रूपये की स्तरीय पुस्तकों से सम्पन्न केन्द्रीय पुस्तकालय की स्थापना की गई और विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका 'उड़ान' का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ।
- 23 मई 2011 को तत्कालीन महामहिम राज्यपाल श्रीमती मार्ग्रेट अल्वा एवं माननीय मुख्यमन्त्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' द्वारा तीनपानी बाइपास के समीप विश्वविद्यालय परिसर की

आधारशिला अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में रखी गयी और परिसर का निर्माण आरम्भ हुआ। सन 2012 के मध्य विश्वविद्यालय स्वयं के भवन में स्थानान्तरित हो गया।

- उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का कम्युनिटी रेडियो 'हैलो हल्द्वानी 91.2 एफ.एम भी शुरू किया गया।

कुलपति के रूप में प्रोफेसर विनय कुमार पाठक का कार्यकाल विश्वविद्यालय की नींव को और मजबूत करते हुए तेजी से विकास का काल रहा। जब प्रोफेसर पाठक ने विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया तब विश्वविद्यालय में 05 स्नातक कार्यक्रम, 02 पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कार्यक्रम और 01 डिप्लोमा कार्यक्रम चल रहे थे। प्रोफेसर पाठक के कार्यकाल के अन्तिम चरण तक विश्वविद्यालय में 14 विषयों में पी-एच.डी., 33 परास्नातक, 10 स्नातक, 15 पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कार्यक्रम, 20 डिप्लोमा कार्यक्रम और 36 प्रमाण पत्र कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध थे। प्रोफेसर पाठक के कार्यकाल में अध्ययन केन्द्रों की संख्या भी 23 से बढ़कर 329 तक जा पहुँची। उनसे पूर्व कोई विद्याशाखा न थी; उन्होंने विश्वविद्यालय में नौ विद्याशाखाएँ स्थापित की। उनके कार्यकाल के आरम्भ में केवल 02 अधिकारी और 20 आकस्मिक कर्मचारी कार्यरत थे, कोई क्षेत्रीय केन्द्र न था, लेकिन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पाठक के कार्यकाल के अन्तिम चरण तक 10 अधिकारी, 05 प्रोफेसर, 17 असिस्टेन्ट प्रोफेसर स्थाई रूप से और लगभग 120 वैज्ञानिक/शैक्षिक परामर्शदाता/कर्मचारी संविदा अथवा निश्चित मानदेय पर कार्यरत थे तथा विश्वविद्यालय का एक पूर्ण विकसित ढाँचा विद्यमान था। उपरोक्त तथ्यों के आलोक में प्रोफेसर विनय कुमार पाठक के कार्यकाल का महत्व समझा जा सकता है। 24 नवम्बर 2012 को प्रोफेसर पाठक का कुलपति पद का कार्यकाल समाप्त हुआ और उसके उपरान्त 25 नवम्बर 2012 से 13 फरवरी 2013 तक प्रोफेसर एच.पी. शुक्ल ने कार्यकारी कुलपति के रूप में कार्य किया।

कुलपति, प्रोफेसर सुभाष धूलिया (कार्यकाल:14 फरवरी 2013 – 13 अप्रैल 2016)



14 फरवरी 2013 को प्रोफेसर सुभाष धूलिया ने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के तृतीय कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

प्रमुख कार्य विवरण

कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त प्रोफेसर धूलिया ने प्रोफेसर पाठक के समय हुए कार्यों को स्थायित्व देने और भविष्य में विश्वविद्यालय को विकास की नयी ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अनेक समीक्षा बैठक की और भविष्य की योजना तैयार की।

- 18 अप्रैल 2013 को नये अकादमिक ब्लॉक का भूमि पूजन किया गया। शैक्षिक कार्यक्रमों को अधिक व्यवस्थित करने के उद्देश्य से 04 नई विद्याशाखाएँ स्थापित की गयीं और 49 शैक्षिक कार्यक्रमों को 13 विद्याशाखाओं के अन्तर्गत शामिल किया गया।
- 12-13 जून, 2013 को पी-एच.डी. छात्रों के छमाही कोर्स वर्क पूर्ण होने के उपरान्त छात्रों का सेमिनार प्रस्तुतिकरण आयोजित किया गया।

- विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई और शैक्षिक सत्र 2013-14 में विद्यार्थियों की संख्या 22272, शैक्षिक सत्र 2014-15 में 23875 और शैक्षिक सत्र 2015-16 में यह संख्या 33095 हो गयी।
- विश्वविद्यालय के बारे में जनसामान्य में जागरूकता हेतु अभियान चलाये गये, विश्वविद्यालय के प्रचार एवं प्रसार के लिए योजनाबद्ध रूप से सम्पर्क अभियानों को संचालित किया गया। कुमाऊँ और गढ़वाल में जहाँ शिक्षकों के दल दूरस्थ स्थानों में प्रचार कार्यों में गये वहीं विश्वविद्यालय के निदेशक गणों ने क्षेत्रीय केन्द्रों में बैठक कर विश्वविद्यालय के बारे में जन जागरण किया।
- अकादमिक गतिविधियों में तेजी लाई गयी।
- विश्वविद्यालय द्वारा पाँच गावों को गोद लिया गया और इन गाँवों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने का संकल्प लिया गया। इन गाँवों में स्वास्थ्य परीक्षण के शिविर भी आयोजित किये गये।
- विश्वविद्यालय में अनेक संगोष्ठियाँ, कार्यशालायें, परिचर्चाएं, सम्मेलन आयोजित किये गये और विद्वत् जनों तथा प्रतिष्ठित व्यक्तियों का स्वागत एवं व्याख्यान आयोजित किये गये।
- दूरस्थ प्रणाली के तहत सुदूर गावों तक ज्ञान के प्रसार के लिए आभासीय कक्षाओं के संचालन हेतु प्रोफेसर धूलिया ने इलैक्ट्रोनिक मीडिया प्रोडॅक्शन सेण्टर स्थापित किया।
- विश्वविद्यालय पुस्तकालय में राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, दिल्ली के सहयोग से लगभग 6 हजार पुस्तकों व शोध पत्रिकाओं को कम्प्यूटरीकृत किया गया।
- उत्तराखण्ड राजकीय महाविद्यालयों में चलायी जा रही एड्यूसैट परियोजना के संचालन का दायित्व उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ।
- विश्वविद्यालय के क्रियाकलापों से सम्बन्धित एक फिल्म का निर्माण भी किया गया। विश्वविद्यालय में एक विडियो लैब का निर्माण किया गया, जहाँ व्याख्यान देने और विडियो एडिटिंग की सभी सुविधाएँ जुटाई गयीं।

1. पाठ्यचर्या आयाम (Curricular Aspects)

किसी भी विश्वविद्यालय के लिए उसके शैक्षणिक कार्यक्रम उसके दृष्टिगत दायित्व के भी परिचालक होते हैं। विश्वविद्यालय जब किसी विषय में कोई पाठ्यक्रम का संचालन करता है, तो उससे हम उसकी क्रियात्मकता एवं उसकी समाज के प्रति दृष्टि एवं उत्तरदायित्वों को समझ सकते हैं। इस प्रकार शैक्षणिक कार्यक्रम विश्वविद्यालय के आन्तरिक दर्शन का बाह्य विस्तार होता है। इन्हीं के माध्यम से वह अपने शैक्षिक–सामाजिक उत्तरदायित्वों का प्रसार करता हैं। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का ध्येय उत्तराखण्ड के दूरस्थ व्यक्तियों को उच्च शिक्षा से जोड़ना तो है ही, साथ ही यह विश्वविद्यालय इस बात के लिए भी कृत संकल्प है कि तकनीकी एवं आधुनिक विषयों को उच्च शिक्षण सामग्री के साथ प्रस्तुत कर अध्येताओं के सामने गम्भीर चिन्तन की पृष्ठभूमि भी प्रस्तुत कर सके। इस समय विश्वविद्यालय 77 पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है, जो परम्परागत पाठ्यक्रम (बी.ए., एम.ए., बी.कॉम., एम.कॉम.) से लेकर आधुनिक रोजगारपरक विषयों से भी जुड़े हुए हैं।

1.1. कार्यक्रम की प्रकृति (Nature of the Programmes)

पाठ्यक्रम की बाह्य संरचना के स्तर पर इसे वार्षिक, सेमेस्टर, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों में विभक्त किया गया है। बी.ए. एवं एम.ए. जैसे परम्परागत पाठ्यक्रम वार्षिक हैं, जबकि एम.बी.ए., एम.जे.एम.जी., एम.टी.एम. तथा एम.एच.एम. जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को सेमेस्टर पद्धति के अनुसार रखा जाता है। भविष्य में बी.ए., एम.ए., बी.कॉम., एम.कॉम. जैसे पारम्परिक पाठ्यक्रमों को भी सेमेस्टर पद्धति के अन्तर्गत रखे जाने की योजना है। इसके अतिरिक्त व्यावसायिक एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र कोर्स के अन्तर्गत रखा गया है।

1.2. पाठ्यक्रम और क्रेडिट प्रणाली (Syllabus and Credit System)

मुक्त विश्वविद्यालय की शिक्षण पद्धति में प्रत्यक्ष शिक्षण पद्धति के कक्षा–अध्यापन के समतुल्य स्व-अध्ययन सामग्री का निर्माण किया जाता है। यह अध्ययन सामग्री कक्षा अध्यापन का लिखित प्रतिरूप है, इसलिए एक विशेष व्यवस्था के तहत इसे नियोजित किया जाता है। पाठ्यक्रमों की समयावधि सुनिश्चित करने के लिए इन्हें क्रेडिट प्रणाली के अन्तर्गत विभाजित किया गया है। दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में विभिन्न श्रेणी के पाठ्यक्रमों के लिए अलग-अलग क्रेडिट्स तथा अध्ययन अवधि निर्धारित की गयी है। इस व्यवस्था में, एक (01) क्रेडिट का अभिप्राय 30 घण्टे के छात्र अध्ययन के बराबर माना जाता है, जिसमें समस्त अध्ययन गतिविधियॉं शामिल हैं, जैसे:पढ़ने और स्व-अध्ययन सामग्री (SLM) को समझने, ऑडियो सुनने, वीडियो देखने, परामर्श सत्र में भाग लेने, दूरसम्वाद और सत्रीय कार्य लेखन, इत्यादि।

विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित क्रेडिट एवं सामान्य अवधि का विवरण निम्नवत हैं-

पाठ्यक्रम	निर्धारित क्रेडिट	पाठ्यक्रम की सामान्य अवधि
प्रमाण-पत्र	12-18	6 मास
डिप्लोमा / पी.जी. डिप्लोमा	28-36	1 वर्ष
स्नातक उपाधि (सामान्य / व्यावसायिक)	96-100	3 वर्ष
स्नातक उपाधि (प्राविधिक)	160-105	5 वर्ष
द्वितीय स्नातक उपाधि	32	1 वर्ष
स्नातकोत्तर उपाधि (सामान्य)	60-66	2 वर्ष
स्नातकोत्तर उपाधि (प्राविधिक/व्यावसायिक)	96-100	3 वर्ष

1.3. विद्याशाखाएं (Schools)

वर्तमान में, विश्वविद्यालय 13 विद्याशाखाओं एवं 49 विभागों के माध्यम से विभिन्न शैक्षिक पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है। ये विद्याशाखायें निम्नलिखित हैं :-

1. कृषि एवं विकास अध्ययन
2. कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी
3. स्वास्थ्य विज्ञान
4. विज्ञान
5. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान
6. प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य
7. शिक्षाशास्त्र
8. मानविकी
9. समाज विज्ञान
10. विधि
11. पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन
12. पर्यटन, आतिथ्य एवं होटल प्रबन्धन
13. व्यावसायिक अध्ययन

1.4. पाठ्यक्रम एवं स्व-अध्ययन सामग्री (Curriculum and SLM):

मुक्त विश्वविद्यालयी शिक्षा–पद्धति का आधार स्वचिन्तन, स्वाध्याय एवं स्व-निर्माण है। प्रत्यक्ष शिक्षण-पद्धति का आधार गुरू ज्ञान एवं गुरू व्यक्तित्व की समीपता है। मुक्त विश्वविद्यालय की स्व-अध्ययन सामग्री गुरू की लिखित उपस्थिति है। श्रेष्ठ लेखकों /प्राध्यापकों द्वारा निर्मित अध्ययन सामग्री छात्रों को इस योग्य बनाती है कि वे स्वयं ही ज्ञान के आत्मजातीकरण की प्रक्रिया को सुनिश्चित कर सकें। स्व-अध्ययन सामग्री निर्माण में

मनोवैज्ञानिक पद्धति का प्रयोग करते हुए छात्र के वातावरण, उसकी मानसिक गति-स्थिति तथा प्रश्न–सामग्री के क्रमिक विस्तार के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को वैज्ञानिक आधार प्रदान किया जाता है।

पाठ्यवस्तु का निर्माण दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के अत्यन्त महत्वपूर्ण घटकों में से है। पाठ्यक्रमों को सहज एवं बोधगम्य बनाने हेतु उन्हें सबसे पहले विषय केन्द्रित खण्डों (ब्लॉक) में विभक्त किया जाता हैं। तत्पश्चात् प्रत्येक खण्ड को चार से छ: छोटी-छोटी इकाइयों में विभक्त किया जाता है। यहाँ मुख्य ध्येय यह है कि विद्यार्थी एक या दो चरण में एक इकाई का पूर्ण अध्ययन कर सके। पाठ्यवस्तु की शैली इस प्रकार नियोजित की जाती है कि वह कक्षा में अध्यापक की उपस्थिति को परिवर्तित कर सके। इसलिए विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री के बीच-बीच में ऐसे प्रश्नों की श्रृंखला दी जाती है जो उन्हें प्रेरित करने के साथ–साथ उस पाठ का तथ्यपरक ज्ञान भी करा सके। कठिन तथा पारिभाषिक शब्दावली की आख्या द्वारा जटिल तथ्यों एवं विचारों को बोधगम्य बनाया जाता है। अध्ययनार्थियों को व्यापक एवं गहन अध्ययन के लिए उस विषय के महत्वपूर्ण तथा सहायक ग्रन्थों की सूची उपलब्ध करायी जाती है। इकाई के अन्त में दिये गये प्रश्न परीक्षा की तैयारी में विद्यार्थियों के लिए सहायक होते हैं।

1.5. ऑडियो – विजुअल सामग्री (Audio-Visual Material)

दूरस्थ शिक्षा पद्धति को रोचक एवं प्रभावशाली बनाये जाने हेतु कुछ पाठ्यक्रमों में ऑडियो-विजुअल व्याख्यानों को विकसित किया गया है। ऑडियो-विजुअल की कुछ सामग्री विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। भविष्य के लिए यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु इकाई/ ब्लॉक के अनुसार ऑडियो-विजुअल सामग्री का विकास किया जाए जिससे विद्यार्थी को पाठ्य की सामग्री समझने में और अपनी समझ को और अधिक बढ़ाने में सहायता मिल सके। विश्वविद्यालय के एक अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत ऑडियो–विजुअल व्याख्यानों को 'एडुसेट' के माध्यम से सरकारी महाविद्यालयों मे अपने स्वयं के अध्ययन केन्द्रों से प्रसारित करने की योजना है, जिससे विद्यार्थियों को इसका अतिरिक्त लाभ मिल सके।

1.6. स्व-अध्ययन पाठ्यसामग्री: लेखन एवं प्रशिक्षण (Study Material: Writing and Training)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के कुछ एक वर्षों में ही अपनी पाठ्यसामग्री का निर्माण प्रारम्भ कर दिया था। आज विश्वविद्यालय ने अधिकतर विषयों में अपनी पाठ्यसामग्री निर्मित कर ली है। विश्वविद्यालय की पाठ्यसामग्री नवीन ज्ञान-विज्ञान शोधपरक दृष्टि एवं तथ्यात्मकता से युक्त है। प्रत्येक विषय के विषय समन्वयक के निर्देशन में विषय विशेषज्ञों की सहायता से विश्वविद्यालय की पाठ्य सामग्री निर्मित की जाती है। विश्वविद्यालय की स्व-अध्ययन सामग्री प्रत्यक्ष शिक्षण का विकल्प होती है, इसलिए इसकी लेखन-प्रक्रिया सामान्य पुस्तक लेखन प्रक्रिया से भिन्न होती है। सामान्य लेखन में लेखक अपने मतों को अपने दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत कर देता है। उसके लेखन के केन्द्र में कोई निश्चित पाठक नहीं होता। किन्तु मुक्त विश्वविद्यालय की पाठ्यसामग्री का निर्माण सुनिश्चित पाठक के आधार पर होता है। इसलिए इसकी प्रक्रिया सरल भी होती है और ज्यादा वस्तुनिष्ठ भी। स्व-अध्ययन सामग्री का लेखन एक विशेष पद्धति (संवादात्मक) पर होता है, इसलिए यह

पद्धति व्याख्यात्मक पद्धति से भिन्न होती है। इन्हीं कारणों से जब स्व-अध्ययन सामग्री का निर्माण किया जाता है, तब इसके लेखन में विशेष सावधानी की आवश्यकता पड़ती है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय समय-समय पर बाह्य एवं आन्तरिक विषय-विशेषज्ञों की सहायता से स्व-अध्ययन सामग्री निर्माण की कार्यशाला आयोजित करता रहता है, जिससे उच्च स्तरीय पाठ्यसामग्री निर्मित हो सके। इस प्रकार के पाठ्यसामग्री लेखन की कार्यशाला एवं प्रशिक्षण से एक तो विश्वविद्यालय की पाठ्यसामग्री उन्नत होती है तो दूसरे उनमें एकरूपता भी आती है।

विश्वविद्यालय की अध्ययन सामग्री की रूपरेखा इस प्रकार है

क्रम संख्या	विषय	विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित अध्ययन सामग्री
1.	अंग्रेजी	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
2.	हिन्दी	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
3.	संस्कृत	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
4.	ज्योतिष	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
5.	उर्दू	बी0ए0
6.	संगीत	बी0ए0
7.	सामाजिक कार्य	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
8.	इतिहास	बी0ए0
9.	लोक प्रशासन	बी0ए0
10.	राजनीति विज्ञान	बी0ए0
11.	योग	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
12.	गृह विज्ञान	DPHCN
13.	पर्यटन	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
14.	होटल मैनेजमेन्ट	DHM & BHM
15.	अर्थशास्त्र	सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री

1.7. कार्यशाला/प्रयोगात्मक कार्यशाला/परियोजना कार्य

विज्ञान, शिक्षा, समाजकार्य, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में कार्यशाला/प्रयोगात्मक कार्यशालाओं का प्रावधान किया गया है, जिससे विद्यार्थियों की प्रायोगिक समझ विकसित हो सके। इसके अतिरिक्त कुछ पाठ्यक्रमों में परियोजना कार्य पाठ्यक्रम के अनिवार्य भाग के रूप में शामिल किया गया है, जिससे विद्यार्थी के प्रायोगिक/व्यावहारिक/शोधपरक ज्ञान में वृद्धि हो सके।


1.8. पाठ्यक्रमों का संचालन

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम मुख्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र तथा अध्ययन केन्द्रों की त्रिस्तरीय व्यवस्था द्वारा संचालित होते हैं। राज्य के विभिन्न भागों में स्थित क्षेत्रीय केन्द्र विश्वविद्यालय द्वारा नियन्त्रित तथा निर्देशित होते हैं। प्रत्येक क्षेत्रीय केन्द्र अपने क्षेत्र में स्थित अध्ययन केन्द्रों और विश्वविद्यालय के बीच समन्वय तथा सक्रिय सहयोग की भूमिका निभाते हैं। अध्ययन केन्द्र, क्षेत्रीय कार्यालय तथा विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार छात्रों

का प्रवेश, पाठ्य-सामग्री वितरण, परामर्श सत्रों का आयोजन तथा प्रयोगात्मक कार्य से सम्बन्धित सभी कार्यों का सम्पादन करते हैं। समस्त शिक्षण कार्यों का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित अध्ययन केन्द्रों से ही होता है।

1.9. निदेशालय, क्षेत्रीय सेवायें (आर.एस.डी.)

विश्वविद्यालय मुख्यालय में क्षेत्रीय सेवा प्रभाग की स्थापना की गयी है। यह प्रभाग 8 क्षेत्रीय केन्द्रों एवं 237 अध्ययन केन्द्रों का नियमन एवं समन्वय करता है। (परिशिष्ट- VIII & IX)



1.10. क्षेत्रीय केन्द्र

क्षेत्रीय केन्द्रों का कार्य अध्ययन केन्द्रों एवं विश्वविद्यालय के बीच शैक्षिक पाठ्यक्रमों हेतु समन्वय स्थापित कर विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों को उत्तराखण्ड के सुदूर क्षेत्रों तक पहुँचाना है। ये केन्द्र सामान्यतः भौगोलिक पहुँच एवं अध्ययन केन्द्रों की परिस्थिति के दृष्टिकोण से बीच की जगह में स्थापित किये गये हैं। ऐसे आठ क्षेत्रीय केन्द्र, जिसमें से चार गढ़वाल मण्डल में (देहरादून, रूड़की, पौड़ी एवं उत्तरकाशी) तथा चार कुमाऊँ मण्डल (रानीखेत, हल्द्वानी, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़) में स्थापित किये गये हैं। इन क्षेत्रीय केन्द्रों के अन्तर्गत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से शैक्षिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है।

1.11. अध्ययन केन्द्र

अध्ययन केन्द्र मुक्त विश्वविद्यालयी शिक्षण पद्धति की प्राथमिक इकाई हैं। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय सेवा प्रभाग के द्वारा समुचित कार्यवाही के उपरान्त अध्ययन केन्द्रों की स्थापना की जाती है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी सुविधानुसार अध्ययन केन्द्र चुनने की स्वतन्त्रता होती है। छात्रों के प्रवेश के साथ-साथ उनके लिए परामर्श सत्रों तथा प्रयोगात्मक कार्यों की व्यवस्था भी अध्ययन केन्द्रों द्वारा की जाती है। इन केन्द्रों के माध्यम से प्रत्येक छात्र विश्वविद्यालय से निरन्तर जुड़ा रहता है।

सुदूर स्थित कुछ अध्ययन केन्द्र














2.शिक्षण: अधिगम एवं मूल्यांकन

(Teaching: Learning and Evaluation)


2.1. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में वर्षवार छात्र संख्या

क्र.सं.	शैक्षिक सत्र	छात्र संख्या
1	2006-07	2776
2	2007-08	1898
3	2008-09	1503
4	2009-10	629
5	2010-11	7380
6	2011-12	13729
7	2012-13	21316
8	2013-14	22272
9	2014-15	23875
10	2015-16	33095

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय वर्ष 2006-07 में 2,774 छात्रों से शिक्षण का आरम्भ करके कर आज यह 33,000 छात्रों के साथ अपना शिक्षण कार्य कर रहा है। तालिका में अंकित छात्र संख्याओं के आधार पर स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय तीव्र गति से उत्तरोत्तर वृद्धि की ओर उन्मुख है।




उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में वर्षवार छात्र संवृद्धि




सामान्य/ दिव्यांग छात्र - वर्तमान परिस्थिति

विश्वविद्यालय सामान्य छात्रों के साथ-साथ दिव्यांग छात्रों के लिए भी कृत्यसंकल्पित है। इसी का परिणाम है कि जहाँ विश्वविद्यालय में सामान्य छात्रों की संख्या 32,749 हैं वहीं, दिव्यांग छात्रों की भी संख्या 346 हो चुकी हैं।




पुरुष और महिला छात्र



उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में 2015-16 में छात्र परिस्थिति

Caste-wise Numbers of Students

Year	GEN.	SC	ST	OBC
2012-13	16994	2095	508	3798
2013-14	16240	2062	537	3690
2014-15	16825	2348	744	4403
2015-16	8881	1375	717	2569



2.2. विद्याशाखाओं की अकादमिक गतिविधियाँ

(SCHOOL-WISE ACADEMIC ACTIVITIES)

मानविकी विद्याशाखा

(SCHOOL OF HUMANITIES)

❖ अंग्रेजी विभाग

- बी.ए. और एम.ए. पाठ्यक्रम सामग्री कि प्रूफ रीडिंग एवं भाषा सम्पादन विभागीय शिक्षकों द्वारा किया गया।

- 7 और 8 मई, 2015 को "Restructuring the Course Design and Study Material" विषय पर, विभाग द्वारा एक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



अंग्रेजी विषय की कार्यशाला

❖ संस्कृत विभाग

संस्कृत विषय में बी0ए0 व एम0ए0 पाठ्यक्रमों की पुस्तकों का भाषा सम्पादन कार्य किया गया।

❖ ज्योतिष विभाग

ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड विषयों में बी0ए0 पाठ्यक्रम की अध्ययन सामग्री का विभागीय शिक्षक द्वारा भाषा सम्पादन कार्य किया गया।

❖ हिन्दी विभाग

हिन्दी दिवस कार्यक्रम का आयोजन दिनांक14 सितम्बर, 2015 को किया गया।

सामाजिक विज्ञान विद्याशाखा

(SCHOOL OF SOCIAL SCIENCES)

❖ समाजशास्त्र विभाग (Department of Sociology)

- समाजशास्त्र विषय की विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया।
- प्रकाशित पुस्तक - "Women in Mountains- Continuity and Change"।
- समाजशास्त्र का पाठ्यक्रम पुन: तैयार करने के लिए अध्ययन बोर्ड की बैठक 28 जुलाई 2015 को आयोजित की गई।

❖ लोक प्रशासन विभाग (Department of Public Administration)

- पंचायती राज प्रमाण-पत्र के संवर्धन के लिए 'अमन संस्था' अल्मोड़ा के सदस्यों के साथ एक बैठक।

❖ मनोविज्ञान विभाग (Department of Psychology)

- बी0ए0 पाठ्यक्रम को पुन: तैयार करने और एम.ए पाठ्यक्रम के आवश्यक अंग के रूप में प्रायोगिक खण्ड भी सम्मिलित करने के लिए अध्ययन बोर्ड की बैठक 25 जुलाई, 2015 को आयोजित की गई।
- विशेषज्ञ समिति की बैठक 2 मई 2015 को आयोजित की गई।
- वार्षिक प्रारूप का सेमेस्टर प्रारूप में रूपान्तरण।

वाणिज्य एवं प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा

(SCHOOL OF MANAGEMENT STUDIES AND COMMERCE)

- एम.बी.ए. शिक्षार्थियों के लिए **"परियोजना रिपोर्ट कैसे लिखनी है"** विषय पर एक परामर्श सत्र का आयोजन किया गया।
  अ. 26 अप्रैल 2016 को एस.जी.आर.आर.पीजी कॉलेज, देहरादून में।
  ब. 29 अप्रैल 2016 को यूओयू, मुख्यालय हल्द्वानी में।





एम.बी.ए, एम. कॉम., पी.जी.डी.एच.आर.एम., पी.जी.डी.एम.एम., बी.बी.ए. तथा बी.कॉम. के शिक्षार्थियों के लिए सात दिवसीय कार्यशाला



एस.जी.आर.आर. पी.जी. कॉलेज, देहरादून में: (06 फरवरी 2016 से 17 फरवरी 2016)



एमबीपीजी कॉलेज हल्दवानी (27 जनवरी 2016 से 02 फरवरी 2016)

- प्रबन्धन कार्यक्रम के नए शिक्षार्थियों के लिए MBPG कॉलेज हल्द्वानी में 29 दिसम्बर 2015 को और SGRR पीजी कॉलेज देहरादून में 07 जनवरी 2016 को इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया।

विज्ञान विद्याशाखा

(SCHOOL OF SCIENCE)

वर्ष 2015-16 में विज्ञान विद्याशाखा के विभिन्न विभागों (भौतिकी, रसायन, वनस्पति, जन्तु विज्ञान व भूगोल विभाग) द्वारा उत्तराखण्ड के सभी क्षेत्रों में विज्ञान के छात्रों के लिए उत्तरकाशी, पौड़ी, देहरादून, पिथौरागढ, रानीखेत, हल्द्वानी एवं हरिद्वार में सात कार्यशालाओ का आयोजन किया गया जिसमें निम्नानुसार छात्रों ने प्रतिभाग किया -

कार्यशालाओं में भाग लेने वाले छात्रों का विवरण

Workshop & Practical Exam Centres	M.Sc. I Chemistry	M.Sc. II Chemistry	M.Sc. I Botany	M.Sc. II Botany	M.Sc. II Zoology	MA/M.Sc.-II Geography	M.Sc. I Physics	M.Sc. II Physics
देहरादून	83	44	46	45	29	34	64	42
पौड़ी	18	18	21	17	12	-	20	29
हल्द्वानी	60	57	58	27	21	31	52	52
पिथौरागढ़	27	13	23	07	12	-	17	18



भूगोल विषय की कार्यशाला 21/7/2015 से 27/7/2015 तक



वनस्पति विज्ञान विषय की कार्यशाला (8/7/2015 से 14/7/2015 तक)



रसायन विज्ञान विषय की कार्यशाला 31/7/2015 से 06/08/2015 तक



भौतिकी विषय की कार्यशाला (8/7/2015 से14/7/2015 तक)



जन्तु विज्ञान विषय की कार्यशाला (21/7/2015 से 27/7/2015 तक)

कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विद्याशाखा

(School of Computer Science and Information Technology)

- **19-20 फ़रवरी, 2016 को*"Curriculum Finalization for Development of "MOOC based solution to create mass awareness about cyber security"* विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन**

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ कम्प्यूटर साइंस द्वारा, उत्तराखण्ड साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च सेण्टर(यूसर्क), देहरादून के सहयोग से साइबर सिक्यूरिटी विषय पर १९-२० फरवरी को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में देश भर से आए विशेषज्ञों द्वारा साइबर सिक्यूरिटी की चुनौतियों पर गहन मंथन

किया गया तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस विषय पर जागरूकता पैदा करने हेतु नि:शुल्क नॉन- क्रेडिट ऑनलाइन प्रोग्राम चलाये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। आज के युग में लोगों को कम्प्यूटर एवं इन्टरनेट के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों जैसे टेक्नोलॉजी, अकाउन्टिंग, सेल्स, मार्केटिंग आदि में प्रशिक्षित किया जा रहा है, लेकिन साइबर सिक्यूरिटी के बुनियादी ज्ञान की कमी है।

साइबर सुरक्षा की तकनीक की जानकारी व्यक्तियों, व्यवसायों, सरकारों, और शैक्षिक संस्थानों के लिए आवश्यक है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा युसर्क के सहयोग से आम लोगों में साइबर सिक्यूरिटी के बारे मे जागरूकता बढाने के लिए एक निशुल्क नॉन-क्रेडिट ऑनलाइन साइबर सिक्यूरिटी प्रोग्राम प्रारम्भ किया जा रहा है, जो की विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

निदेशक यूसर्क एवं कम्प्यूटर साइंस, प्रोफेसर दुर्गेश पन्त ने बताया की इन्टरनेट के माध्यम से सारी दुनिया आपस में जुड़ चुकी है, जो राष्ट्रों के लिए नई चुनौतियाँ उपस्थित करता है, क्योंकि क्षेत्रीय या राष्ट्रीय सीमाओं का सूचना के प्रवाह पर नियन्त्रण नहीं है। ऑनलाइन यूजर एवं उपभोक्ताओं पर साइबर क्रिमिनल्स द्वारा कम्प्यूटर वायरस, मालवेयर, स्पाइवेयर, का इस्तेमाल कर आपकी महत्वपूर्ण एवं व्यक्तिगत जानकारियों को चुराकर आपको आर्थिक हानि एवं आपकी व्यक्तिगत जानकारी सार्वजानिक करके आपकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में नवयुवकों को साइबर एवं इनफार्मेशन सिक्यूरिटी में प्रशिक्षण देकर "साइबर स्वयं सेवक" (cyber volunteers) बनने हेतु प्रेरित करने की आवश्कता है, जो समय आने पर साइबर दुनिया की चुनौतियों से निपटने में राष्ट्र को अपना योगदान दे सकें।

दिल्ली से आये साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट ग्रुप कैप्टिन अशोक कटारिया ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि इन्टरनेट को इस्तेमाल करते हुए किन किन सावधानियों का प्रयोग करके साइबर फ्रॉड से बचा जा सकता है।



- पाठ्यक्रम विकास को अन्तिम रूप दिए जाने के लिये 18-19 सितम्बर, 2015 को *"Curriculum Finalization and training on development of SLM as OER"* विषय पर एक दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।





स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा

(SCHOOL OF HEALTH SCIENCE)

- दिनांक 11 जनवरी, 2016 को गृह विज्ञान विभाग की अध्ययन समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें गृह विज्ञान विभाग में एक नया पाठ्यक्रम M.A. Home science प्रारम्भ करने का प्रस्ताव पारित हुआ। इस कार्यक्रम के पाठ्यक्रम का लेखन कार्य प्रगति पर है।

- बी0ए0 गृह विज्ञान के प्रथम वर्ष की स्व-अध्ययन सामग्री निर्मित की जा चुकी है तथा द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की सामग्री का निर्माण प्रगति पर है।
- विभाग द्वारा सामुदायिक रेडियो कार्यक्रम के अन्तर्गत एक साप्ताहिक रेडियो टॉक कार्यक्रम "गृह विज्ञान: सवाल आपके, जवाब हमारे" का प्रसारण किया जाता है।
- गृह विज्ञान विभाग द्वारा नियमित रूप से वीडियो लैक्चर रिकॉर्ड किए जा रहे हैं।
- महामहिम श्री राज्यपाल के आदेशानुसार गोद लिए गये गाँवों में विश्वविद्यालय की स्वास्थ्य विभाग विद्याशाखा द्वारा समय समय पर वहाँ के निवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर विभिन्न प्रकार की व्याधियों से ग्रस्त रोगियों का उपचार किया गया तथा उन्हें नि:शुल्क दवायें वितरित की गई। गृह विज्ञान विभाग में डा0 प्रीति बोरा द्वारा आहार एवं पोषण से सम्बन्धित जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरुक किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न व्याधियों में आहार नियोजन के बारे में जानकारी दी गई।



स्वास्थ्य शिविर, तल्ली हलद्वानी

शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा

(SCHOOL OF EDUCATION)

❖ शिक्षक शिक्षा विभाग

निर्धारित अवधि में कोई नवीन कार्यक्रम आरम्भ नहीं किया गया है। बी०एड० कार्यक्रम को प्रारम्भ करने के सन्दर्भ में जनवरी माह में NRC, NCTE टीम द्वारा निरीक्षण किया गया।

एम०एड०द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक बारह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनाँक 01-01-2016 से 12-01-2016 तक किया गया।





❖ विशिष्ट शिक्षा विभाग

- बी.एड.विशिष्ट शिक्षा प्रारम्भ। विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार परामर्श सत्रों का आयोजन किया गया।
- निर्धारित अवधि में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक–शिक्षिकाओं हेतु तीन दिवसीय सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अल्मोड़ा, पौड़ी, हल्द्वानी, विकासनगर में किया गया।
- छात्र संख्या में बढ़ोत्तरी:-459.

3. शोध/ परामर्श एवं प्रसार

(Research, consultancy and Extension)

शोध विश्वविद्यालय के चिन्तन का प्राण होता है । नवीन खोज एवं शोध ही हमारी मौलिक विचार दृष्टि का निर्माण करते हैं। नवीन तथ्य एवं खोज जहाँ पूर्व के विचारों पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं, उसका विस्तार करते हैं; वहीं वे नवीन चिन्तन की आधारपीठिका भी तैयार करते है। इसीलिए शोध और विचार का सम्बन्ध पार्श्व एवं मुख्यांश का है,जो एक–दूसरे से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं। शोध के इसी महत्व को समझते हुए यू.जी.सी. एवं उच्च शिक्षण संस्थान समय-समय पर गुणवत्तापदक शोध की दिशामें प्रयासरत रहते हैं। चूँकि विश्वविद्यालय अपने नवीन शोध कार्य के कारण जाना जाता है, इसलिए विश्वविद्यालय में शोध कार्य का महत्व स्वयंसिद्ध है।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने वैचारिक गुणवत्ता के उन्नयन के लिए राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रिय मानकों के आधार पर अपनी शोध की पीठिका तैयार की है। विश्वविद्यालय में कुलपति महोदय की अध्यक्षता में शोध के नये-नये कार्य किये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय में शोध की गतिविधियों को केंन्द्रित करने के लिए 'शोध एवं नवाचार निदेशालय' की स्थापना की गयी है। शोध एवं नवाचार निदेशालय का कार्य शोध के प्रवेश से लेकर शोध की मौखिकी कराने तक का है।

विश्वविद्यालय में शोध सम्बन्धित गतिविधियाँ सुचारू एवं अनुशासनबद्ध तरीके से चलें, इसलिए उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने विभागीय शोध समिति एवं शोध उपाधि समिति का गठन किया है। विभागीय शोध समिति की रूपरेखा एवं शोध उपाधि समिति की रूपरेखा इस प्रकार है –

3.1 विभागीय शोध समिति -

- विद्याशाखा का निदेशक - अध्यक्ष
- सम्बन्धित विभाग का समन्वयक - संचालक
- सम्बन्धित विद्याशाखा के अध्यापक - सदस्य
- कुलपति द्वारा नामित सदस्य - अन्य विद्याशाखा का अध्यापक

3.2 शोध उपाधि समिति –

- सम्बन्धित विद्याशाखा का निदेशक - अध्यक्ष
- सम्बन्धित विभाग का अध्यक्ष - संयोजक
- सम्बन्धित विभाग के समस्त अध्यापक जो शोध निर्देशन हेतु अर्ह हो - सदस्य
- कुलपति द्वारा नामित सम्बन्धित विषय के दो बाह्य परीक्षक जिनमें से एक की उपस्थिति अनिवार्य-सदस्य
- निर्देशक शोध - सदस्य

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय अपने शोध कार्य को लेकर विशेष रूप से प्रयत्नशील है। विश्वविद्यालय ने 2012 से अब तक दो बार पी.एच.डी. हेतु प्रवेश परीक्षा कराई है, जिसके तहत अब तक 26 शोधार्थी विभिन्न विषयों में शोध हेतु नामांकित हैं। विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों में पंजीकृत विद्यार्थियों की सूची निम्नवत् है –

विषयवार पंजीकृत शोध छात्र

क्रमांक	विषय	छात्र संख्या
1	कम्प्यूटर विज्ञान (Computer Science)	1
2	शिक्षा (Education)	9
3	हिन्दी (Hindi)	2
4	इतिहास (History)	2
5	प्रबन्धन अध्ययन (Management Studies)	4
6	समाज सास्त्र (Sociology)	1
7	अंग्रेजी (English)	1
8	पर्यटन (Tourism)	1
9	पत्रकारिता (Journalism)	5
	कुल	**26**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 2 वर्ष पूर्व इग्नू समेत सभी मुक्त विश्वविद्यालयों से पीएच.डी. कराने पर रोक लगा दी थी, इसलिए विश्वविद्यालयय की शोध प्रक्रिया बाधित हुई है।

3.3 अनुसन्धान प्रकाशन और पुरस्कार (RESEARCH PUBLICATIONS ANDAWARDS)

कार्यशालाएँ / सेमिनार का विवरण

(Details of Workshops/Seminars Attended)

क्रमांक	नाम	विद्याशखा/विभाग	दिनांक/	सम्मेलन / संगोष्ठी / कार्यशाला
1	डॉ0सुचित्रा अवस्थी	अंग्रेजी	15th-17thJuly, 2015 23-26 June 2015	1. Co-chaired a panel at IUAES Conference, held at Thammasat University Bangkok. 2. Presented a paper entitled "The Jaagars of Uttarakhand" in the IUAES Conference, held at Thammasat University Bangkok 3. ToT Workshop on Community Radio Technology, UOU Campus
2	नेहा अत्री	अर्थशास्त्र	2015	1. Participated in three day work shop on SPSS: in Srinagar, Garwhal University 2015 2. Participated in seminar on Tourism Sustainability by

				International World Forum in Nainital, Uttrakhand, 2015 3. Participated in National seminar on 'Challenges of 21st Century' organized by HRDC, Nainital, Uttrakhand, 2015
3.	डॉ0 चारू चन्द्र पन्त	रसायन विज्ञान	2015 2016	**1.** Participated in the 04 day India International Science festival **(IISF 2015)** organised by IIT New Delhi and Vigyan Bharati. **2.** Paper was presented in Oral session, *Developing the medicinal plants sector in northern Himalayan region in India:* **Challenges and opportunities**. in National conference on Natural Resource Management, Avenues & Application **(NRMAA),** 19-20, March, 2016.
4.	डॉ0 श्याम सिंह कुंजवाल	जन्तु विज्ञान	February 27th -29th , 2016	1. Attended and Participated in Young Scientist' Conference as part of India International Science Festival 4th – 8th December 2015, Organised by the Ministry of Science & Technology & Earth Sciences Govt. of India at IIT Delhi. 2. Participate in three day International Conference on New Challenges in Biotechnology and Molecular Biology in the Context of 21st Century(NCBMBCC) organized by Indian Society of Genetics, Biotechnology Research and Development Agra, India on February 27th -29th ,2016.
5.	डॉ. जितेन्द्र पांडे	School of Computer Science and Information Technology	1st and 2nd Dec. 2015	1. A National Consultation on "OER for Inclusive Development: Identifying Challenges, Addressing Opportunities A held at Convention Centre, Jawahar lal Nehru University, New Delhi, jointly organized by UNESCO, JNU and CEMCA.

पुरस्कार और प्रकाशन
(Awards and Publications)

क्रमांक	नाम	विद्याशाखा/विभाग	प्रकाशन / पुरस्कार
1.	डॉ0 जटाशंकर आर तिवारी	होटल प्रबन्धन	**1. Tewari, J.R**. & Ramola, S. (2015). "Tourism in Pauri Garhwal: Opportunities and Challenges." *Pacific Hospitality Review*, Vol. 3 Issue 5, Jan-June 2015 pp. 93-98, ISSN No.: 2310-1398 **2. Tewari, J.R. (2015). "**Local Cuisine: An Attraction for Tourists." *Avahan-A Journal of Hospitality and Tourism,* Vol. 3 Issue 1 September 2015 pp. 42-47, ISSN No.: 2347-4556 **3. Tewari, J.R. (2015). "**Local Food and Beverage in Tourism: The Cuisine of Lucknow." *Indian Journal of Applied Hospitality & Tourism Research,* ISSN No.: 0975-4954 **4. Tewari, J.R. (2015). '**Learner support services for effective learning of hospitality and tourism through open and distance learning mode." *Global Journal for Research Analysis*, Vol., Issue 4, pp.20-21, ISSN No. 2277-8160, Impact Factor 3.1218 **5. Tewari, J.R. (2015). "**Tourist Awareness about how to travel sustainably and responsibly." *PARIPEX-Indian Journal of Research,* Vol. 4, Issue 3, pp. 63-64 ISSN No.: 2250-1991 Impact Factor 3.4163 **1. Hospitality Educator Award** (University Teaching) IHCEA-2014 conferred by Indian Hospitality Congress for academic contribution in field of Hotel Management education, facilitated in National Conference organized by School of Hospitality and Tourism Studies, D Y Patil University, Navi Mumbai in 2015. **2.** Ph.D. (Tourism and Hospitality Services) awarded on 31st July 2015 (Topic: "*Culinary Tourism and Awadhi Cuisine: A Study of Culinary Tourism at*

			Selected Tourist Destinations of Uttar Pradesh") from School of Tourism Hospitality and Services Management, Indira Gandhi National Open University, New Delhi
2.	डॉ0 दीपक पालीवाल	सामाजिक विज्ञान	1. Selected for **UGC Research Award in Sociology**. First in the Uttarakhand state to get Research Award in Sociology in April 2015 2. **Academic of Social Science Prize for outsanding work in social science** by International Academy of Social Sciences, Florida, USA in 2015
3.	डॉ0 सुचित्रा अवस्थी	अंग्रेज़ी	"Gandhiji's Constructive Programme: Its meaning and its significance in the present day context"; *English Literary Discourses at a Glance;* Yking Books; Jaipur.2015.Print.
4.	डॉ0 चारू चन्द्र पन्त	रसायन विज्ञान	**1. Anand B. Melkani, Lalit Mohan and Charu C. Pant,** "Diterpene Essential Oil from *Anisomeles Indica* (L.) O. Kuntz and its Antimicrobial activity**"** *Word Journal of Pharmaceutical Research,* **Vol. 5**, Issue 5, 932-943, ***(*2016*).*** ***2.*** Reema Priydarshi, Anand B. Melkani, Lalit Mohan and **Charu C. Pant**, "Terpenoid composition and antibacterial activity of the *essential oil from Inula cappa (Buch- Ham. Ex. D. Don) DC Journal of Essential Oil Research* v.28 172-176 *(***2015).**
5.	डॉ0 श्याम कुंजवाल	जन्तु विज्ञान	**1. Shyam S. Kunjwal . "**Effect of diet on the growth of snow-trout Scizothorax richardsonii(Gray)" International Journal of Advance Research, IJAR(2015),Vol.3 Issue 11, 1595-1601 **2.** युवा वैज्ञानिक पुरस्कार। International conference on new Challenges in Biotechnology and Molecular Biology in the Context of 21st Century(NCBMBCC) organized by Indian Society of Genetics, Biotechnology Research and Development Agra, India **3. Shyam S. Kunjwal &** A.Thapliyal "Length weight relationship and condition factors of Schizothorax richardsonii(Gray, 1832) influenced by

			artificial and natural feeding." International Journal of Applied Research, IJAR: 2016:2(5):168-170.
6.	डॉ0 देवेश कुमार मिश्र	संस्कृत	1. "कालीदास की राजनीति विषयक दृष्टि"- नामक शोध पत्र 'संस्कृत रत्नाकर' पत्रिका में प्रकाशित। प्रकाशन स्थल - नई दिल्ली।
7.	डॉ0 नन्दन कुमार तिवारी	ज्योतिष	1. "भारतीय पंचांग निर्माण: संक्षिप्त परिचय"- नामक शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रिय शोध पत्रिका 'अनन्ता' में प्रकाशित। प्रकाशन स्थल - नई दिल्ली। 2. "Eclipse" नामक शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रिय शोध पत्रिका 'अनन्ता' में प्रकाशित। प्रकाशन स्थल - नई दिल्ली।

कार्यशालाओं / सेमिनारों का विवरण

(Details of Workshops/Seminars Organized)

क्रमांक	विद्याशाखा/विभाग	दिनांक	कार्यशाला / संगोष्ठी
1	English	7th – 8th May, 2015	"Restructuring the Course Design and Study Material"
2	School of Management Studies and Commerce	29th December, 2015	"Induction Programme for the New Learners of Management Programmes"
		27th Jan.- 2nd Feb., 2016	"Seven Days Workshop for MBA, M.Com, PGDHRM, PGDMM, BBA, B.Com, Learners"
3	School of Computer Science and Information Technology	18-19 Sep,2015	A two-day workshop on "Curriculum Finalization and training on development of SLM as OER", UOU Headquerter, Haldwani
		19-20 Feb., 2016	Workshop on Curriculum Finalization for Development of "MOOC based solution to create mass awareness about cyber security", UOU Headquerter, Haldwani
		23-26 June, 2015	"A 4 day workshop on Community Radio Technology", UOU Headquerter, Haldwani
		20/04/2015	A Workshop on Linux at Uttarakhand Open University Campus office, Dehradun
		21/04/2015	A Workshop on Linux at Haridwar

3.4 विस्तार गतिविधियाँ और संस्थात्मक सामाजिक उत्तरदायित्व (Extention Activities and Institutional Social Responsibility)

❖ ग्रामों को गोद लिया जाना :

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, शैक्षिक दायित्व के साथ-साथ समाजोत्थान के कार्य में भी अग्रसर है। इसके तहत उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा हल्द्वानी विकासखण्ड के अन्तर्गत आने वाली 5 ग्राम सभाओं (मानपुर पश्चिम, तल्ली हल्द्वानी, गौजाजली बिचली, धौलाखेडा, गौजाजली उत्तर) को गोद लिया गया है, जिनमें विश्वविद्यालय द्वारा गाँवों के सतत् विकास को लेकर कई कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

गोद लिए हुए गाँवों का विवरण (Details of adopted villages)

S.N.	Name of the Village	Total Population	O.B.C.	S.C.	S.T.	General
1	Talli Haldwani	8159	504	944	18	6692
2	Manpur Pashchim	3134	356	186	19	2573
3	Dhaula Khera	2083	104	323	33	1623
4	Gauja Jaali Bichli	2208	34	41	13	2120
5	Gaujajaali Uttar	6136	176	308	11	5641

- दिनांक 21 जुलाई 2015 को पहला स्वास्थ्य शिविर तल्ली हल्द्वानी में आयोजित किया गया। इसमें 180 रोगियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ-साथ औषधियों का भी नि:शुल्क वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त आहार एवं पोषण विभाग द्वारा ऋतुओं और व्याधियों के अनुसार खान-पान की जानकारी भी दी गई। इस शिविर में एक दन्त रोग विशेषज्ञ तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ ने भी प्रतिभाग किया।
- दिनांक 28 जुलाई 2015 को दूसरा स्वास्थ्य शिविर मानपुर पश्चिम में आयोजित किया गया । इसमें 260 रोगियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ-साथ औषधियों का भी नि:शुल्क वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त आहार एवं पोषण विभाग द्वारा ऋतुओं और व्याधियों के अनुसार खान-पान की जानकारी भी दी गई। इस शिविर में एक दन्त रोग विशेषज्ञ तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ ने भी प्रतिभाग किया।
- सितम्बर 2015 माह में एक स्वास्थ्य शिविर तल्ली हल्द्वानी में आयोजित किया गया। इसमें 160 रोगियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ-साथ औषधियों का भी नि:शुल्क वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त आहार एवं पोषण विभाग द्वारा ऋतुओं और व्याधियों के अनुसार खान-पान की जानकारी दी गई। इस शिविर में एक दन्त रोग विशेषज्ञ ने भी प्रतिभाग किया।
- नवम्बर 2015 माह में एक स्वास्थ्य शिविर तल्ली हल्द्वानी में आयोजित किया गया। इसमें 110 रोगियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ-साथ औषधियों का भी नि:शुल्क वितरण किया गया। इसके

अतिरिक्त आहार एवं पोषण विभाग द्वारा ऋतुओं और व्याधियों के अनुसार खान-पान की जानकारी भी दी गई। इस शिविर में एक दन्त रोग विशेषज्ञ ने भी प्रतिभाग किया।

4. अधिसंरचना और अधिगम संसाधन

(Infrastructure and Learning Resources)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना उत्तराखण्ड के शिक्षा-जगत के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। इस विश्वविद्यालय ने अल्प समय में ही यहाँ के दूरस्थ, ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों को भी शिक्षा से जोड़कर समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। परम्परागत शिक्षा प्रणाली की अपनी सीमाएं होती हैं। सीमित सीटों, सीमित संसाधनों की वजह से वे सभी के लिए सुलभ नहीं हो पाती। परम्परागत शिक्षा प्रणाली केन्द्रीयता के सिद्धान्त पर चलने वाली व्यवस्था है, जिसमें एक केन्द्र की क्रियाशीलता होती है। मुक्त विश्वविद्यालयी प्रणाली में ''शिक्षा आपके लिए तथा शिक्षा आपके द्वार'' जैसी अवधारणा होती है। यही कारण है कि शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित लोग भी इस प्रणाली में मुख्यधारा के अंग बन जाते हैं। मुक्त विश्वविद्यालय की इसी अवधारणा के क्रम में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है।



विश्वविद्यालय का मुख्य द्वार

4.1. भौतिक अधिसंरचना (Physical Infrastructure)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का मुख्यालय हल्द्वानी में स्थित है। हल्द्वानी को उत्तराखण्ड का प्रवेश द्वार कहा जाता है, क्योंकि इसके पश्चात् राज्य की पर्वत श्रृंखलायें शुरू हो जाती है। यहाँ उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय एक तरह से शिक्षा का द्वार भी बन जाता है, क्योंकि इसी के माध्यम से सम्पूर्ण राज्य में शिक्षा का 'सार्वजनीन प्रसरण' सम्भव हो पा रहा है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने अपनी प्राथमिक भूमिका को समझ कर राज्य के शिक्षार्थियों-बुद्धिजीवियों के लिए नये-नये पाठ्यक्रम का संचालन व अकादमिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी कर अपना महत्वपूर्ण सांस्कृतिक योगदान दिया है। किसी भी संस्था के कार्य का प्राथमिक आधार उसके ढाँचे और अधिसंरचनाएं होती हैं। मूलभूत ढाँचा और अधिसंरचना संस्था के कार्यों के सुचारू रूप से सम्पन्नता/संचालन में अपना विशेष योगदान देती हैं। इन्हीं के माध्यम से विश्वविद्यालय की गतिविधियाँ अपना सजीव आकार ग्रहण कर पाती हैं। भौतिक अधिसंरचना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के भवन, परिसर, मूलभूत

सुविधा, तकनीकी सुविधा एवं अन्य क्षेत्र आते हैं। एक प्रकार से अधिसंरचना एवं मानवीय संसाधन क्षमतायें संस्था के शरीर की भॉति होते हैं, जिसमें सभी गतिविधियाँ संचालित होती हैं।

4.2. मुख्य भवन (Main Building)

विश्वविद्यालय भवन का शिलान्यास तत्कालीन महामहिम कुलाधिपति एवं राज्यपाल डॉ. मार्ग्रेट अल्वा, मुख्यमन्त्री डॉ.रमेश पोखरीयाल 'निशंक' द्वारा अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। तदुपरान्त विश्वविद्यालय के भवन का उद्घाटन माननीय राज्यपाल श्री अजीज कुरैशी जी के कर कमलों द्वारा हुआ।





विश्वविद्यालय का मुख्य भवन

विश्वविद्यालय का भवन शैक्षिक, प्रशासनिक एवं तकनीकी परिसरों का संयुक्त समवाय है। इसका एक भवन जहाँ अकादमिक सदस्यों के लिए निर्मित है, वही दूसरा भवन प्रशासन के कार्यों के क्रियान्वयन के लिए है। भवन का एक हिस्सा कम्प्यूटर लैब के रूप में विकसित है। शैक्षणिक भवन के भीतर विश्वविद्यालय के 13 विद्याशाखाओं के शिक्षकों के बैठने के लिए स्वतन्त्र कक्ष की सुविधा उपलब्ध है, जिससे वे अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन कर सकें। शैक्षणिक भवन का विभाजन विद्याशाखाओं के अनुसार किया गया है। एक

विद्याशाखा के भीतर विभिन्न विभाग हैं, जो आन्तरिक विषय-वस्तु की दृष्टि से जुड़े हुए हैं। कक्षों का विभाजन भी वैज्ञानिक पद्धति पर किया गया है। मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान, कम्प्यूटर साइन्स, वाणिज्य एवं प्रबन्धन, पत्रकारिता जैसी विद्याशाखाओं के लिए स्वतन्त्र स्थान एवं कक्ष निर्मित किये गए हैं।

4.3. प्रशासनिक भवन:

प्रशासनिक भवन विश्वविद्यालय की समस्त अकादमिक गतिविधियों के संचालन को व्यावहारिक धरातल पर क्रियाशील करने का केन्द्र होता है। इस भवन में कुलपति कार्यालय, कुलसचिव कार्यालय, वित्त नियंत्रक कार्यालय प्रमुख रूप से निर्मित है। कुलपति कार्यालय सम्पूर्ण विश्वविद्यालयी गतिविधियों, चाहें वह अकादमिक हो या प्रशासनिक का केन्द्र है। कुलसचिव कार्यालय सम्पूर्ण प्रशासन–कार्यों का नियन्त्रण करता है।



प्रशासनिक भवन

विश्वविद्यालय प्रशासन का तीसरा घटक वित्त नियन्त्रक कार्यालय है। वित्त–नियन्त्रक विश्वविद्यालय के समस्त आर्थिकी का केन्द्रभूत अधिकारी है। इस प्रकार कुलपति, कुलसचिव एवं वित्त कार्यालय आस-पास हैं, जिससे कार्य-संचालन में सुविधा हो।

विश्वविद्यालय भवन में कुछ अन्य अधिकारियों के कार्यालय भी हैं जिसमें मुख्य रूप से जनसम्पर्क अधिकारी, सहायक कुलसचिव, लोक सूचना अधिकारी हैं।

4.5. पुस्तकालय: एक अधिगम संसाधन के रूप में (Library: As a Learning Resource)

विश्वविद्यालय ज्ञान की एक बौद्धिक इकाई है। यह ज्ञान का ऐसा केन्द्र है, जो सम्पूर्ण समाज व संस्कृति को प्रभावित करता है। यह केवल ज्ञान का वितरण ही नहीं करता बल्कि उसका निर्माण भी करता है। ज्ञान-विज्ञान की इस प्रक्रिया में संवादत्मकता अनिवार्य है। संवाद की यह प्रक्रिया अध्यापक और छात्र के मध्य भी चलती है, पुस्तक और छात्र के मध्य भी। पुस्तक ज्ञान के संयोजित रूप होते हैं, इसीलिए हर वर्ग के व्यक्तियों के लिए यह हमेशा प्रासंगिक बनी रहती है। किसी भी उन्नत समाज की एक प्रमुख पहचान यह होती है कि उस समाज के पास श्रेष्ठ ग्रन्थ, पुस्तकें कितनी हैं? समृद्ध समाज, समृद्ध पुस्तकों का ऋणी होता है। प्राचीन समय में भी नालन्दा,

तक्षशिला के ग्रन्थालय भारतीय ज्ञानात्मक चेतना के उत्कर्ष के प्रतीक थें। आज भी ग्रन्थालय किसी भी स्थान समाज और विश्वविद्यालय के ज्ञान–केंद्र बने हुए हैं। ग्रन्थालय विश्वविद्यालय के ज्ञान केन्द्र होते हैं, जो विद्यार्थी व शिक्षक को निरन्तर ज्ञानात्कम ऊर्जा से संचालित करते हैं।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के पास समृद्ध पुस्तकालय है। इस पुस्तकालय में 26594 पुस्तकें उपलब्ध हैं, जो मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस, योग–आयुर्वेद, ज्योतिष, परम्परागत धर्मशास्त्र, विधि से लेकर लोक आधुनिक विषयों को समेटे हुए हैं। विश्वविद्यालय ग्रन्थालय विभाग इस बात के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है कि ग्रन्थालय में किसी भी विषय की महत्वपूर्ण अध्ययन पुस्तकें उपलब्ध हों, इसीलिए समय-समय पर सम्बन्धित विषयों के प्राध्यापक नवीन पुस्तकों की सूची पुस्तकालय विभाग को देते रहते हैं।

ग्रन्थालय में पुस्तकों के साथ शैक्षणिक विडियों/ऑडियो भी संग्रहीत हैं, जिसका लाभ प्राध्यापक एवं छात्र उठाते रहते हैं। इसके अतिरिक्त प्रमुख जर्नल, पत्रिकाएं एवं समाचार पत्रों की सुविधाएं भी हैं, जो ग्रन्थालय को बहुविध ज्ञान–विज्ञान से सम्पन्न करती हैं। विश्वविद्यालय का ग्रन्थालय विभाग छात्रहित केन्द्रित रहा है, इसलिए उसने छात्र–हित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सुविधाएं दी हैं, फिर वह चाहें छात्रों को पुस्तकों के आदान-प्रदान की सुविधा हो या इन्टरनेट सुविधा, फोटोकॉपी कराने की सुविधा हो या स्कैन कराने की सुविधा।

विश्वविद्यालय का ग्रन्थालय आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से युक्त है। ग्रन्थालय में सारी पुस्तकों की प्रविष्टि ई–माध्यम से की जा रही है जिससे अपनी दक्षता एवं तकनीकी सुविधाओं के उचित उपयोग से छात्र विश्वविद्यालय में उपलब्ध पुस्तकों को सहजता से ही प्राप्त कर सकते हैं। ग्रन्थालय विभाग की सक्रियता का ही प्रमाण है कि इसने 2014 में पुस्तक मेले का सफल आयोजन किया।





पुस्तकालय विभाग की सक्रियता एवं कुशलता को समय–समय पर विभिन्न संगठनों ने सराहा है। NCTE, VGC, DEC एवं RC के सदस्यों के निरीक्षण समय-समय पर यहाँ होते रहें हैं। ग्रन्थालय के प्रभारी प्रो. गोविन्द सिंह के साथ ही राकेश पंत एवं श्रीमती मीनू गुप्ता की सक्रियता ने पुस्तकालय को छात्र हित के सर्वथा अनुकूल बना दिया है। इस प्रकार विश्वविद्यालय का ग्रन्थालय आधुनिक सुविधाओं के साथ ही मानवीय दृष्टि से भी सहयोगी है। ग्रन्थालय से लगा इसका वाचनालय शांतिपूर्ण कक्ष है, जिसमें छात्र पुस्तकालय का उचित लाभ उठाते रहे हैं।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक गतिविधियों के लिए उत्तराखण्ड में विशेष प्रसरित रहा है। इसकी अकादमिक गतिविधियाँ स्वत: स्फूर्त हैं। यही कारण है कि विश्वविद्यालय में आए दिन विभिन्न साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। विश्वविद्यालय में विभिन्न महापुरूषों की जयन्तियाँ मनाने का प्रचलन रहा है, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कार्यसूची में भी है।

4.6. पाठ्यसामग्री उत्पादन एवं वितरण प्रभाग (एम.पी.डी.डी.)

पाठ्यसामग्री उत्पादन एवं वितरण प्रभाग विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण प्रभाग है। यह प्रभाग पाठ्य सामग्री के उत्पादन एवं छात्रों तक उसके वितरण के प्रति उत्तरदायी है। यह प्रभाग सुनिश्चित करता है कि पाठ्य सामग्री छात्रों को समय पर प्राप्त हो सके।



एम.पी.डी.डी. भण्डार का दृश्य

4.7. सूचना प्रौद्योगिकी अधिसंरचना (Information Technology Infrastructure)

- **सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (I.C.T.)**

सन 2010 में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में आई.सी.टी. विभाग की स्थापना की गई। विश्वविद्यालय के पास वर्तमान में विश्वविद्यालय के आई.सी.टी. विभाग का अपना स्वयं का वैब सर्वर, एप्लिकेशन सर्वर और डेटाबेस सर्वर है। विश्वविद्यालय के पास सम्प्रति 12TB NAS की सम्पूर्ण बैकअप धारिता क्षमता है, और विश्वविद्यालय 1GBPS NKN नेटवर्क पाइप से जुड़ा है तथा 4MBPS नेटवर्क पाइप के बैकअप की व्यवस्था है। आई.सी.टी. विभाग मूलत: सूचना प्रोद्यौगिकी के सम्बन्ध में योजना निर्माण के साथ सूचना, तकनीकी निर्माण, हार्डवेयर प्रबंधन, आई.टी. सम्भरण एवं सहायता, अधिप्राप्ति, आभासी शिक्षा, कम्यूनिटी रेडियो आदि कार्यों का सम्पादन करता है और सॉफ्टवेयर विकास, पोर्टल विकास, प्रयोज्यता सम्भरण, डाटा केन्द्र प्रबन्धन, नेटवर्क प्रबन्धन, आई.टी. सेवाएं तथा सहयोग एवं सभी प्रकार के सम्प्रेषण के कार्यों का निर्वहन करता है। विश्वविद्यालय में इसके द्वारा स्टूडेण्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम का निर्माण किया गया है, जिसके अन्तर्गत ऑनलाइन प्रवेश/ परीक्षा फॉर्म, ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया, इन्ट्रानेट में प्रार्थना पत्र के अलावा एम.पी.डी.डी., प्रवेश फॉर्म, परीक्षा/ अंकपत्र, वित्त एप आदि की सुविधा भी उपलब्ध है। आई.सी.टी. विभाग द्वारा वैब पोर्टल बनाया गया है और छात्रों के लिए शिकायती टिकट प्रणाली भी निर्मित की गयी है। वन-व्यू एप्लीकेशन द्वारा छात्रों को उनकी प्रोफाइल, शुल्क, परीक्षा आदि की समस्त जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। आई.सी.टी. विभाग द्वारा विकसित ई-ग्रन्थालय भी विश्वविद्यालय में उपलब्ध है। विश्वविद्यालय कर्मचारियों के लिए इन्ट्रानेट पोर्टल कार्यरत है और बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने का प्रावधान किया गया है। आई.सी.टी. विभाग द्वारा क्षेत्रीय केन्द्रों के लिए प्रवेश फॉर्म, पुस्तक वितरण फॉर्म, परीक्षा फॉर्म, परीक्षाफल, हार्डवेयर एवं प्रयोज्यता से संबंधित आई.सी.टी. सहायता दी जाती है। आई.सी.टी. विभाग द्वारा शिक्षण केन्द्रों के लिए भी प्रवेश फॉर्म, पुस्तक वितरण फॉर्म, परीक्षा फॉर्म, ऑनलाइन शुल्क भुगतान, परीक्षाफल तथा सम्बन्धित सूचनायें प्रदान की जाती है। विश्वविद्यालय में आई.सी.टी. विभाग

द्वारा छात्रों के लिए एक किओस्क भी स्थापित किया गया है, और ऑनलाइन लर्निगं भी शुरू की गयी है। वर्तमान में विश्वविद्यालय परिसर Wi-Fi से सुसज्जित है, और सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय देश का प्रथम मुक्त विश्वविद्यालय है, जिसने विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने के लिए मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज़ (MOOC) की सुविधा दी है।

4.8. मानव संसाधन (Human Resources)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय श्रेयताओं के सर्वांगीण विकास के लिए उच्च भौतिक एवं मानवीय संसाधनों से युक्त विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय में जहाँ एक ओर उच्च तकनीकी सुविधायें उपलब्ध हैं, तो दूसरी ओर अपने-अपने विषय में विशेषज्ञ प्राध्यापक एवं कर्मचारी भी हैं। विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्र-हित को ध्यान में रखते हुए श्रेष्ठ मानवीय क्षमताओं की उत्पादकता निर्मित करना है। इसलिए विश्वविद्यालय भौतिक, तकनीकी एवं मानवीय संसाधनों की 'एकसूत्रता की अंतर्क्रिया' पर विशेष बल देता है। अर्थात् एक ओर तो इसमें भौतिक ढॉचा, कार्यदशायें हैं, दूसरी ओर उन कार्यदशाओं को प्रसारित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता है, तो तीसरी ओर कार्यदशा को व्यावहारिक रूप देने के लिए श्रेष्ठ मानवीय संसाधन यानी शिक्षा और कौशल का संयुक्त समवाय देखने को मिलता है। यहाँ का हर सदस्य अपने विषय की दक्षता के साथ ही यन्त्र एवं तकनीकी कौशल से युक्त है। आज का युग तकनीकी कौशल का युग है। आज हमारे पास ज्ञान का पुस्तकीय रूप ही पर्याप्त नहीं रह गया है। तेजी से बदल रहे विश्व में घटित हो रही हर महत्वपूर्ण घटना दूसरे समाज (देश) को प्रभावित कर लेती हैं। ऐसी स्थिति में यह युग की आवश्यकता है कि हम तकनीकी रूप से सक्षम बनें और सूचना युग में अपने लिए तथा अपने समाज के लिए ज्ञान का सृजन करें। इसलिए आज के युग में ज्ञान और कौशल दोनों महत्वपूर्ण हो उठे हैं। ज्ञान को प्रसारित होने के लिए कौशल चाहिए तथा कौशल को ज्ञान का स्त्रोत चाहिए। इसीलिए उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने तकनीकी कार्य कुशल प्राध्यापक एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की हैं।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में नियमित और अस्थायी शिक्षकों की श्रेष्ठ टीम है। यह देश के प्रारम्भिक विश्वविद्यालयों में से है, जहाँ शिक्षकों की चयन प्रक्रिया को लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है।

एक ओर हम छात्रों के लिए उच्चस्तरीय पाठ्यपुस्तकें निर्मित करते हैं तो दूसरी ओर उनके ज्ञानात्मक उत्कर्ष के लिए वीडियो लेक्चर, रेडियो व्याख्यान, टैली कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से अध्यापन, कार्यशाला, परामर्श सत्रों का आयोजन एवं संगोष्ठी का आयोजन करते हैं। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का शिक्षण तन्त्र लचीलेपन, लोकतान्त्रिक एवं पारदक्रिया से संचालित होता है। प्राध्यापक सत्रीय कार्यों का मूल्यांकन करते समय विशेष सुझावात्मक टिप्पणियाँ करते हैं, जिससे छात्र परीक्षा के पूर्व ही अपनी कमियों में सुधार कर लेते हैं। इसी प्रकार परामर्श सत्र में छात्रों की जिज्ञासाओं का रचनात्मक तरीके / पद्धति से शमन किया जाता है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें सम्बन्धित विषय के विशेषज्ञ विद्धानों को आमन्त्रित किया जाता है जिससे छात्र लाभान्वित हो सकें।



उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी तीन प्रक्रियाओं के तहत नियुक्त किए जाते हैं। कर्मचारियों का बड़ा वर्ग 'उपनल' सरकारी संस्था के तहत नियुक्त है। दूसरा वर्ग आउटसोर्सिंग एजेन्सियों के तहत नियुक्त है तथा तीसरा वर्ग दैनिक भत्ते वाले कर्मचारी हैं।


विश्वविद्यालय में शैक्षणिक तथा प्रशासनिक पदों का सृजन उत्तराखण्ड सरकार द्वारा किया जाता है। इन पदों पर नियुक्तियाँ उत्तराखण्ड सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित सेवा शर्तों पर की जाती है। इसके अतिरिक्त दूरस्थ शिक्षा परिषद् (डेब) के मानकों के अनुरूप कुछ वरिष्ठ परामर्शदाताओं की नियुक्ति भी विश्वविद्यालय करता रहा है। इन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की सम्यक व्यवस्था में सहयोग के लिए तकनीकी कर्मचारी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारिंयों की नियुक्ति की गई है।

5. शिक्षार्थी सहायता सेवाएँ

(Student Support Services)

किसी भी शिक्षण संस्था या विश्वविद्यालय के दो मुख्य घटक होते हैं – छात्र और प्राध्यापक। एक शिक्षा का ग्रहीता है और एक उसका प्रदाता। छात्र और अध्यापक के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान वैसे तो प्रत्यक्ष रूप में होता है, किन्तु उसकी प्रक्रिया के निष्पादन में विश्वविद्यालय के अन्य तत्व भी सहायक के रूप में अपनी भूमिका निभाते हैं। परम्परागत विश्वविद्यालय में गुरू और छात्र के बीच ज्ञान ग्रहण की प्रक्रिया प्रत्यक्ष होती है, किन्तु दूरस्थ व मुक्त शिक्षा पद्धति में अध्यापक और छात्र के बीच प्रत्यक्ष संवाद प्राय: नहीं होता। इसलिए यहाँ विद्यार्थी सहायता सेवाओं की लम्बी प्रक्रिया क्रियाशील होती है, जिसमें विश्वविद्यालय में छात्र के प्रवेश से लेकर उसके प्लेसमेन्ट और पुराछात्र समुदाय तक की प्रक्रिया चलती है। किसी भी शिक्षण तन्त्र के लिए छात्र केन्द्रीय घटक होता है। इस प्रकार विद्यार्थी सहायता सेवा का तात्पर्य उस पूरी प्रक्रिया से है, जो किसी भी शिक्षण संस्था में छात्रों के ज्ञानार्जन व सीखने की प्रक्रिया को समुन्नत व सुगठित रूप प्रदान करने के लिए कोई शिक्षण संस्था अपनाती है।

शिक्षण सहायता सेवाएँ के अन्तर्गत प्रवेश, पाठ्य-सामग्री, परामर्श सत्र, पुस्तकालय, परीक्षा, दीक्षान्त, प्लेसमेन्ट एवं पुराछात्र आदि शिक्षार्थी केंद्रित व्यवस्था सन्निहित होती है। इस पूरी प्रक्रिया को इस चित्र/आरेख के माध्यम समझा जा सकता है:



5.1. प्रवेश नियम:

5.1.1 अकादमिक सत्र

सामान्यतः विश्वविद्यालय का सत्र जुलाई से प्रारम्भ होकर अगले वर्ष जून तक चलता है। पाठ्यक्रम वार्षिक परीक्षा प्रणाली या सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली पर आधारित हैं। सेमेस्टर प्रणाली में सेमेस्टर की अवधि छः माह है। विश्वविद्यालय में वर्ष में दो बार प्रवेश दिया जाता है।

1. ग्रीष्म कालीन सत्र - (प्रवेश जुलाई से प्रारम्भ)

2. शीत कालीन सत्र - (प्रवेश जनवरी से प्रारम्भ)

5.1.2 प्रवेश की अंतिम तिथि -

प्रवेश	**सत्र**	
	ग्रीष्मकालीन	**शीतकालीन**
आरम्भ की तिथि	01 जुलाई	01 जनवरी
अंतिम तिथि	31 अगस्त	28 फरवरी
विलम्ब शल्क रू.250/- के साथ	15 सितम्बर	15 मार्च
विलम्ब शल्क रू.500/- के साथ	30 सितम्बर	31 मार्च

5.1.3 ऑनलाइन प्रवेश -

सभी पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। ऑनलाईन प्रक्रिया में शुल्क का भुगतान पेमेंट गेटवे (डेबिड कार्ड/क्रेडिड कार्ड अथवा नेट बैकिंग) के माध्यम से किया जाता है।

प्रथम वर्ष/प्रथम समेस्टर में प्रवेश हेतु विद्यार्थी अपने आवेदन पत्र तथा संलग्नकों को अनिर्वाय रूप से अध्ययन केन्द्र में जाकर सत्यापित कराते हैं। इन विद्यार्थियों को अग्रिम वर्ष में प्रवेश लेते समय अपने अभिलेखों को सत्यापित करवाने की आवश्यकता नही होती और वे सीधे ऑनलाइन प्रवेश प्राप्त करते हैं।

अगर कोई विद्यार्थी विश्वविद्यालय में पूर्व से ही नामांकित है तथा नये पाठ्यक्रम में ऑनलाइन प्रवेश लेना चाहता है, तो उस विद्यार्थी को अपने फार्म तथा संलग्नकों का सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाना होता है।

5.1.4 नामांकन-

शिक्षार्थी सहायता सेवा का प्रथम चरण छात्र द्वारा विश्वविद्यालय में प्रवेश है। विश्वविद्यालय में प्रवेश के पश्चात् प्रत्येक विद्यार्थी का नामांकन किया जाता है और उसे एक नामांकन संख्या का आवंटन एक ही बार होता है, जिसका उल्लेख अंक तालिका, प्रमाण पत्र एवं उपाधि पत्र में किया जाता है।

5.1.5 पहचान पत्र-

विश्वविद्यालय में छात्रों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। छात्र द्वारा पहचान पत्र पर प्रविष्टियाँ अंकन तथा नवीनतम फोटोग्राफ चिपका कर सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र निदेशक से हस्ताक्षरित कराया जाना अनिवार्य होता है। पहचान पत्र शिक्षार्थी के विश्वविद्यालय में छात्र होने का प्रमाण होता है।

5.1.6 पुनर्प्रवेश –

यदि कोई विद्यार्थी अपरिहार्य कारणों से पाठ्यक्रम के मध्य में ही अध्ययन छोड़ देता है और बाद में पुन: प्रवेश लेना चाहता है, तो ऐसे विद्यार्थी को इस प्रतिबन्ध के साथ पुन: प्रवेश प्रदान किया जा सकता है कि ऐसे विद्यार्थी द्वारा उसके सम्बन्धित पाठ्यक्रम में प्रथम प्रवेश की अवधि से निर्धारित अधिकतम अवधि के अन्तर्गत ही पाठ्यक्रम पूर्ण किया जाना होगा।

5.1.7 पार्श्व प्रविष्टि –

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए पार्श्व प्रविष्टि (Lateral Entry) की भी व्यवस्था की है। पार्श्व प्रविष्टि के आधार पर प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों के प्रकरणों में उनके पूर्व संस्थानों के प्राप्तांको को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में प्रचलित प्रतिशतांक में परिवर्तित किया जाता है, जिससे कुल प्रतिशत के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि का निर्धारण किया जा सके।

5.1.8 प्रवेश पद्धति -

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन पद्धतियों से प्रवेश लेने की व्यवस्था की गई है। जिन कार्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश होता है वहाँ राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित आरक्षण के नियम लागू होते हैं, किन्तु जिन कार्यक्रमों में सीधे प्रवेश की व्यवस्था है, वहाँ सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में केवल वे अभ्यर्थी ही प्रवेश के पात्र हैं जो विद्या परिषद द्वारा निर्धारित शैक्षिक अर्हता, आयु सीमा तथा अन्य मापदण्डों को पूरा करते हों। विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र अथवा विश्वविद्यालय से निर्धारित शुक्ल का भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं। अभ्यर्थी का प्रवेश उसी अध्ययन केंद्र में माना जाएगा, जहाँ उसने पूरित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हो अथवा पंजीकरण कराया हो । विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए वही आवेदन पत्र स्वीकार्य हैं, जिनके साथ विद्यार्थी द्वारा स्वप्रमाणित एवं सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र द्वारा सत्यापित अभिलेख/प्रमाण पत्र संलग्न हों। विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु मात्र उन्हीं स्कूल बोर्डों/ विश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थानों द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र एवं उपाधियाँ मान्य है जिन उपाधियों को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी ऐजुकेशन/विद्यालयी शिक्षा परिषद उत्तराखण्ड/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समकक्षता/ मान्यता प्रदान की गयी हो।

5.1.9. पाठ्यसामग्री (Learning Meterial)

दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा प्रणाली में मुद्रित अध्ययन सामग्री का महत्वपूर्ण स्थान है। विश्वविद्यालय की अध्ययन सामग्री छात्रों की रूचि, उनके मानसिक स्तर तथा ज्ञान के उच्चस्तरीय क्रियारूपों की सापेक्षता में निर्मित की जाती है। विश्वविद्यालय में छात्रों के प्रवेश एवं नामाकंन के पश्चात् अध्ययन सामग्री छात्रों को दे दी जाती है। अध्ययन सामग्री का वितरण विश्वविद्यालय के मुख्यालय से भी होता है तथा क्षेत्रीय एवं अध्ययन केंद्र से भी। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के 8 क्षेत्रीय केंद्र हल्द्वानी, रानीखेत, बागेश्वर, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, पौड़ी, रूड़की एवं देहरादून में स्थित हैं। इन क्षेत्रीय केन्द्रों का संचालन इसके अन्तर्गत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से होता है। विद्यार्थी का नामांकन किसी अध्ययन केन्द्र पर होता है, और इस तरह वह क्षेत्रीय केंद्र तथा विश्वविद्यालय का एक भाग बनता है। विश्वविद्यालय छात्रों के लिए अध्ययन सामग्री क्षेत्रीय केंद्रो तथा अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से उपलब्ध कराता है। इस प्रकार विश्वविद्यालय छात्र हित को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त लचीलेपन की पद्धति का अनुसरण करता है।

5.1.10 परामर्श (Counselling)

मुक्त विश्वविद्यालय की भिन्न शिक्षण-पद्धति के कारण परामर्श प्रक्रिया इसकी मुख्य आकादमिक गतिविधि है। परामर्श कक्षा-शिक्षण का विकल्प नहीं है, अपितु कक्षा-शिक्षण के आगे की प्रक्रिया है। मुक्त अध्ययन पद्धति यह स्वीकार करती है कि छात्र ने स्व-अध्ययन सामग्री का अध्ययन कर विषय को समझ लिया है तथा विषय की समझ को उसके अंतिम रूप, क्रियात्मकता तक अब 'परामर्श सत्रों' का आयोजन कर लाया जाता है। परामर्श सत्र मुख्यत: अध्यापक और छात्र के मध्य क्रियात्मक-संवाद है। यानी किसी विषय की सैद्धान्तिक अवधारणा की समझ के पश्चात् उस विषय के क्रियात्मक रूपों के अनुशासन का नाम ही परामर्श सत्र या परामर्श कक्षायें हैं। परामर्श सत्र सैद्धान्तिक अधिगम की व्यावहारिक उपस्थापना है।





परामर्श कक्षाओं का आयोजन विश्वविद्यालय के मुख्यालय, क्षेत्रीय एवं अध्ययन केन्द्रों पर किया जाता है। क्षेत्रीय केंद्रो एवं अध्ययन केन्द्रों पर शनिवार एवं रविवार के दिन परामर्श सत्र का आयोजन किया जाता है, जब कि विश्वविद्यालय अपने मुख्यालय पर प्रतिदिन छात्रों के लिए परामर्श कक्षायें चलाता है। शनिवार एवं रविवार के दिन परामर्श सत्रों के आयोजन के पीछे मुख्य ध्येय यह है कि अवकाश के दिनों में व्यवसायरत, कार्यरत एवं गृहणियाँ भी इस सत्र का लाभ उठा सकती हैं। समय-समय पर आयोजित परामर्श–सत्रों की सूचना उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के बेवसाइट, क्षेत्रीय एवं अध्ययन केंद्रो कार्यालय के सूचना पट्ट एवं समन्वयकों तथा समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाती है। इस प्रकार परामर्श सत्र का आयोजन उन लोगों के लिए भी लाभप्रद है, जो अपनी व्यावसायिक एवं घरेलू व्यस्तता के कारण स्व-अध्ययन सामग्री के माध्यम से विषय का समुचित ज्ञान नहीं प्राप्त कर पाते हैं।

5.2. मूल्यांकन प्रक्रिया और सुधार (Evaluation Process and Improvement)

5.2.1 परीक्षा (EXAM)

परीक्षा विद्यार्थी के स्व-अर्जित ज्ञान का मूल्यांकन चरण है। किसी छात्र ने अपने विषय को किस रूप में ग्रहण किया है तथा उसकी अभिव्यक्ति कैसी है, इस तथ्य का परीक्षा के माध्यम से ही मूल्यांकन किया जा सकता है। विश्वविद्यालय ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा को पारदर्शी ढंग से निष्पादित करने की व्यवस्था की है।

5.2.2 पात्रता एवं अनिवार्यता

प्रत्येक विद्यार्थी जिसने विश्वविद्यालय में विधिवत् प्रवेश लिया हो, विश्वविद्यालय में नामांकन कराया हो, पंजीकृत हो तथा जिसने सत्रीय कार्य पूर्ण कर जमा कर दिया हो और विश्वविद्यालय का शिक्षण शुल्क तथा परीक्षा शुल्क जमा किया हो, वह परीक्षा में सम्मिलित होने का पात्र होगा। प्रत्येक विद्यार्थी के लिए उन समस्त

विषयों की परीक्षाओं में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा जो उस पाठ्यक्रम के लिए वर्ष विशेष में उसके द्वारा चयनित किये गये हों। यदि कोई छात्र किसी परीक्षा अथवा किसी विषय की परीक्षा में सम्मिलित नहीं होता है, तो उसे उस विषय की परीक्षा अथवा सम्पूर्ण परीक्षा (यथा स्थिति) में अनुपस्थित माना जाएगा। यदि छात्र पूरी परीक्षा में अनुपस्थित रहता है तो उसे सम्बन्धित कक्षा के लिए पुन: पंजीकरण नहीं करवाना होगा और न ही प्रवेश सम्बन्धी शुल्क का भुगतान करना होगा। छात्र को केवल उस वर्ष के लिए रू – 200 /- प्रति प्रश्न पत्र बैक परीक्षा शुल्क के साथ बैंक फॉर्म भर के परीक्षा हेतु आवेदन करना होगा, साथ ही वह अगले वर्ष की परीक्षा हेतु आवेदन कर सकता है। परीक्षार्थी के पास विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रवेश पत्र जिसमें छात्र की फोटो लगी हो, अवश्य होनी चाहिए। परीक्षार्थी के पास अपना पहचान-पत्र (वोटर आई.डी., लाइसेंस, पैन कार्ड आदि) होना चाहिए।

5.2.3 2015-16 में विभिन्न परीक्षाओं हेतु अंकों का निर्धारण

(क) ऐसे विषय जिनमें प्रयोगात्मक कार्य न हों-

1. सत्रीय कार्य- 40% अंक
2. लिखित परीक्षा- 60% अंक

(ख) ऐसे विषय जिनमें प्रयोगात्मक कार्य होते हैं-

1. सत्रीय कार्य 40% अंक
2. प्रयोगात्मक कार्य 15% अंक
3. लिखित परीक्षा 45% अंक

(ग) पूर्णरूपेण मौखिक परीक्षा अथवा परियोजना कार्य 100 अंक अथवा सम्बन्धित विभाग द्वारा निर्धारित व्यवस्था।

(घ) जिन पाठ्यक्रमों में व्यावहारिक प्रशिक्षण होगा उनमें सन्तोषजनक अथवा असन्तोषजनक के रूप में मूल्यांकन कार्य किया जाएगा।

5.2.4 सत्रीय कार्य –

सत्रीय कार्य परीक्षा-मूल्यांकन का ही प्राथमिक चरण है। सत्रीय कार्य की परिकल्पना यह है कि इस मूल्यांकन के कारण छात्र की चिन्तन शक्ति का विकास हो तथा उसके स्व-अध्ययन सामग्री का प्रायोगिक रूप सामने आ सके। सत्रीय कार्य छात्रों की मूल्यांकन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है, इसलिए यह अनिवार्य है कि छात्र निर्धारित शुल्क सीमा एवं निर्धारित समयावधि के भीतर ही इसे अध्ययन केंद्र में जमा कर दें। यदि कोई छात्र अन्तिम तिथि के उपरान्त सत्रीय कार्य जमा करता है तो उसे रू 100 प्रति सत्रीय कार्य की दर से जमा करना होगा।

5.2.5 अंक निर्धारण –

विभिन्न परीक्षाओं हेतु अंको का निर्धारण अलग-अलग हैं। जैसे उन विषयों में, जिनमें प्रयोगात्मक कार्य न हो, उनमें सत्रीय कार्य के लिए 40 अंक तथा लिखित परीक्षा के लिए 60 अंक रखे गये हैं। किन्तु जिन विषयों में प्रयोगात्मक कार्य होते हैं, उनमें सत्रीय कार्य 40 अंको का प्रयोगात्मक कार्य 15 अंकों का तथा लिखित परीक्षा 45

अंकों के मध्य विभाजित होती है। यह प्रणाली पूर्णरूपेण विभाग द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सुनिश्चित की जाती है।

5.2.6 परीक्षा में उत्तीर्ण होने के मापदण्ड -

प्रत्येक वर्ष में पंजीकृत छात्र द्वारा उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक विषय में न्यूनतम 35 प्रतिशत अंक (सत्रीय कार्य, प्रयोगात्मक परीक्षा, मौखिक परीक्षा, परियोजना कार्य एवं लिखित परीक्षा में पृथक-पृथक) प्राप्त करना आवश्यक है। यदि कोई छात्र किसी विषय में उपर्युक्त विधि से निर्धारित अंक नहीं प्राप्त करता है तो उसे उस विषय में अनुत्तीर्ण माना जाएगा। अनुत्तीर्ण छात्र को उस विषय में उत्तीर्ण होने के लिए पुन: परीक्षा देनी होगी। परन्तु किसी विषय में अनुत्तीर्ण छात्र उस पाठ्यक्रम की परीक्षा अगले वर्ष की परीक्षा के साथ दे सकता है।

5.2.7 परीक्षा केन्द्र परिवर्तन -

छात्र हित को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने परीक्षा केन्द्र परिवर्तन की सुविधा प्रदान की है। किसी भी अभ्यर्थी को आवंटित परीक्षा केन्द्र में परिर्वतन हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500/- का भुगतान करना होगा।

5.2.8 शुल्क भुगतान -

किसी भी प्रकार का प्रवेश अथवा परीक्षा शुल्क नकद रूप में मान्य नहीं है। सभी प्रकार के शुल्क का भुगतान बैंक चालान के माध्यम से अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार करना अनिवार्य होगा।

5.2.9 सुधार परीक्षा -

उत्तीर्ण होने के पश्चात् यदि कोई विद्यार्थी स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षा मे प्राप्त अंको में सुधार करने की इच्छा रखता है तो वहाँ रू0 200/- प्रति प्रश्न पत्र की दर से शुल्क का भुगतान कर सुधार परीक्षा दे सकता है। यह सुविधा विद्यार्थी को अपने चयनित पाठ्यक्रम के अधिक से अधिक सभी विषयों की आधी संख्या के बराबर विषयों में ही उपलब्ध होगी, किन्तु जो भी विषय चयनित किए जायेंगे उनके सभी प्रश्न पत्रों की परीक्षा देनी होगी। स्नातकोत्तर /डिप्लोमा/प्रमाण पत्र कार्यक्रमों में भी सुधार परीक्षा अधिकतम कुल प्रश्न पत्रों की आधी संख्या के लिए अनुमन्य होगी। यथा 5 या 6 प्रश्न पत्रों में अधिकतम 3 प्रश्न पत्र, 3 या 4 प्रश्न पत्रों में अधिकतम 2 प्रश्न पत्र। कोई भी परीक्षार्थी जिन विषयों में अनुत्तीर्ण हो, उन विषयों में वह सुधार परीक्षा दे सकता है । सुधार परीक्षा हेतु प्रति प्रश्न –पत्र रू. 200 / - की दर से शुल्क का भुगतान करना होगा। सुधार परीक्षा में निर्धारित प्राप्तांक प्राप्त करने पर विद्यार्थी को उस वर्ष के लिए उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाएगा।

5.2.10 श्रेणी –

परीक्षा परिणाम की निम्न तीन उत्तीर्ण श्रेणियाँ होंगी :

A) स्नातक स्तर (Graduation Level):

प्रथम श्रेणी	**60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक**	**First Division**	**60% or more**
द्वितीय श्रेणी	60 प्रतिशत से कम तथा 45 प्रतिशत तक	Second Division	Less than 60% and upto 45%
तृतीय श्रेणी	45 प्रतिशत से कम तथा 35 प्रतिशत तक	Third Division	Less than 45% and upto 35%

B) परास्नातक स्तर (Post Graduation Level):

प्रथम श्रेणी	**60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक**	**First Division**	**60% or more**
द्वितीय श्रेणी	60 प्रतिशत से कम तथा 48 प्रतिशत तक	Second Division	Less than 60% and upto 48%
तृतीय श्रेणी	48 प्रतिशत से कम तथा 35 प्रतिशत तक	Third Division	Less than 48% and upto 35%

5.2.11 बैक पेपर की सुविधा –

विद्यार्थी यदि अपने चयनित पाठ्यक्रम में अनुत्तीर्ण होता है तो रू. 200 /- प्रति प्रश्न की दर से शुल्क का भुगतान कर पुन: परीक्षा दे सकता है। विद्यार्थी को यह सुविधा उन सभी विषयों में देय होगी जिनमें वह अनुत्तीर्ण है। यह सुविधा पाठ्यक्रम के अध्ययन हेतु निर्धारित अधिकतम समय सीमा तक देय होगी। **बैक पेपर व सुधार परीक्षाएँ मुख्य परीक्षा के साथ ही आयोजित की जाती हैं।**

5.2.12 ऑडियो-विजुअल सामग्री

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में दूरस्थ शिक्षा को रोचक एवं प्रभावशाली बनाने हेतु कुछ पाठ्यक्रमों में ऑडियो-विजुअल व्याख्यानों को विकसित किया गया है, तथा यह सामग्री विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यह कोशिश की जा रही है कि प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु इकाई/ब्लॉक के अनुसार ऑडियो-विजुअल सामग्री का विकास किया जाय ताकि विद्यार्थी को पाठ्यसामग्री समझने में और अपनी समझ को और अधिक बढ़ाने में सहायता मिल सके। विश्वविद्यालय के एक अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत ऑडियो-विजुअल व्याख्यानों को 'एडूसेट' के माध्यम से सरकारी महाविद्यालयों में अपने स्वयं के अध्ययन केन्द्रों से प्रसारित करने की योजना है, ताकि विद्यार्थियों को इसका अतिरिक्त लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों के वीडियो लेक्चर द्वारा विषय ज्ञान से अवगत कराने की भी व्यवस्था है। विश्वविद्यालय ने एडुसेट के माध्यम से छात्रों के लिए परामर्श की भी व्यवस्था की है।

5.2.13 प्रशिक्षण और प्लेसमेन्ट सेल (Training and Placement Cell)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा अपने छात्रों के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि हेतु एक प्लेसमेन्ट सेल का निर्माण किया गया है। इस सेल में छात्रों का विस्तृत डाटाबेस रखा गया है। सेल नौकरियों की रिक्तियों की सूचना के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनो के एच.आर. हेड्स के सम्पर्क में रहता है। भविष्य में सेल द्वारा जॉब फेयर आयोजित करने की योजना है।

6. प्रशासन, नेतृत्व एवं प्रबन्धन

(GOVERNANCE, LEADERSHIP AND MANAGEMENT)

6.1. विश्वविद्यालय की संदृष्टि (Vision of University):

"ज्ञान के इस युग में उच्च-शिक्षा को विकास का सशक्त माध्यम बनाने के लिए ज्ञान का सृजन कर उत्तरा -खण्ड के लोगों, विशेषकर युवाओं तथा शिक्षा से वंचित एवं रोजगार में संलग्न व्यक्तियों को मूल्य-आधारित गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा के सुविधाजनक एवं सर्वसुलभ अवसर उपलब्ध कराते हुए उन्हें जीवन पर्यन्त अध्ययन के लिए प्रेरित करना तथा स्व-रोजगार, रोजगार एवं अन्य कौशलों में दक्ष बनाना जिससे कि वे प्रदेश, देश व सम्पूर्ण मानवता की उपयुक्त सेवा कर सकें।

6.2. विश्वविद्यालय सहायता प्रणाली (University Support System)

विश्वविद्यालय की अपनी एक शिक्षार्थी सहायता प्रणाली है, जिसके द्वारा शिक्षार्थी अपनी समस्या विश्वविद्यालय से सम्बन्धित व्यक्ति तक पहुँचा सकता है। यह एक ऑनलाइन प्रक्रिया है। शिक्षार्थी सहायता प्रणाली का उद्देश्य है - विश्वविद्यालय से जुड़े छात्रों या जुड़ने वाले छात्रों की समस्या का समाधान तकनीकी माध्यम से करना। अत: युगानुरूप शिक्षार्थियों के समस्या समाधानार्थ यह एक सुलभ साधन है।

इसके अतिरिक्त शिक्षार्थी प्रवेश या परीक्षा से सम्बन्धित कोई भी समस्या सीधे दूरभाष द्वारा बता सकता है साथ ही उसका समाधान भी प्राप्त कर सकता है।

6.3. विश्वविद्यालय के वित्तीय प्रबन्धन (Financial Management of University)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में बजटीय नियन्त्रण प्रणाली का पालन किया जाता है जिसके द्वारा विश्वविद्यालय का बजट तैयार किया जाता है। विश्वविद्यालय का वार्षिक बजट आगामी वर्ष के पहले ही तैयार कर लिया जाता है।

विश्वविद्यालय को फी-फण्ड (Fee-Fund) से आय प्राप्त होती है तथा राज्य सरकार द्वारा राज्य-फण्ड के रूप में वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। जहाँ तक वित्तीय संसाधनो का सम्बन्ध है, विश्वविद्यालय सभी अनुदान/निधि का कुशलता से उपयोग करता है।

लेखा के ऑडिट के लिये माननीय कुलपति महोदय द्वारा एक चॉर्टड एकाउन्टेन्ट को बाहरी ऑडिटर के रूप में नियुक्त किया जाता है। यह चार्टड एकाउन्टेन्ट प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अन्त में लेखा की ऑडिट रिपोर्ट तैयार करता है।

(परिशिष्ट - VIII)

❖ अध्ययन परिषद की बैठकें एवं मुख्य बिन्दु:

क्रम संख्या	विद्याशाखा का नाम	विषय	दिनांक	पाठ्यक्रम का नाम
1	विज्ञान	रसायन विज्ञान	19.12.2015	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार एम0एससी0 रसायन विज्ञान प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम Annual mode में।
2	स्वास्थ्य विज्ञान	गृह विज्ञान	11.01.2016	1. नवीन कार्यक्रम एम. ए. गृह विज्ञान प्रारम्भ करने की संस्तुति 2. जन स्वास्थ्य एवं सामुदायिक पोषण में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए परियोजना कार्य एवं दिशा निर्देशों की रूप रेखा। 3. बी0ए0 में गृह विज्ञान विषय के साथ विषय संयोजन के सम्बन्ध में अध्ययन बोर्ड की संस्तुतियां।
3	समाज विज्ञान	समाज शास्त्र	28.07.2015	एम0ए0 समाजशास्त्र प्रथम एवं द्वितीय वर्ष का स्वनिर्मित पाठ्यक्रम।
4	समाज विज्ञान	मनोविज्ञान	25.07.2015	बी0ए0 मनोविज्ञान को Annual mode से Semester mode में परिवर्तित करना।
5	कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी	कम्प्यूटर विज्ञान	23.04.2015	यू0जी0सी0 के दिशा निर्देशों के अनुसार Master of Geo-Informatics (MGIS) कार्यक्रम का नाम मास्टर ऑफ साइंस (M.SC.) (Geo- Informatics)
6.	विज्ञान	गणित	19.06.2015	यू0जी0सी0 के दिशा निर्देशों के अनुसार एम.एससी. गणित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम को Annual mode से सेमेस्टर मोड में परिवर्तन।

7. नवाचार एवं सर्वोत्तम प्रथाएँ

(INNOVATIONS AND BEST PRACTICES)

❖ सिसको लैब की स्थापना :

विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 6 नवम्बर, 2015 को माननीय कुलपति प्रोफेसर सुभाष धूलिया द्वारा सिस्को नेटवर्किंग एकेडमी का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नये दौर में कम्प्यूटर एवं संचार तकनीकी की शिक्षा प्रदान करना विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी है। विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा रहा है। विश्वविद्यालय में वर्चुअल कक्षाओं के लिए भी विडियो स्टुडियो तैयार किया जा रहा है।



सिसको लैब का उद्घाटन

❖ विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिनांक 5 जून 2015 को, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय को हरा-भरा बनाये रखने हेतु परिसर में पौधारोपण का कार्य सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय के साथ कुलसचिव एवं अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।







7.2. अकादमिक गतिविधियाँ –

किसी भी विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधि वह खिड़की है, जिसके माध्यम से हम उस विश्वविद्यालय के भीतर झाँक सकते हैं। उसकी अकादमिक गतिविधियॉ बताती हैं कि उस विश्वविद्यालय का अपना आन्तरिक परिवेश कैसा है, उसका 'विजन' क्या है, उसकी अपनी अन्तर्दृष्टि क्या है, तथा उसके भविष्य का पथ क्या होगा।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का अकादमिक निदेशालय विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों की सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि निर्मित करता है। अकादमिक निदेशालय से प्राप्त विभिन्न निर्देश ही भविष्य में विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों के आधार बनते हैं। वर्ष 2015-16 के मध्य निदेशालय अकादमिक की ओर से निम्न महत्वपूर्ण कार्य किये गये –

- विश्वविद्यालय में कार्यरत सहायक प्राध्यापकों के ग्रेड पे 6000 से 7000 के सम्बन्ध में कार्यवाही व आवेदन के प्रारूप सम्बन्धी प्रक्रिया तैयार कर अकादमिक परिषद व कार्यपरिषद के विचारार्थ प्रस्तुत की गयी।
- विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अकादमी, इलाहाबाद से स्थाई सदस्यता प्राप्त करने हेतु तत्सम्बन्धी कार्य किए गए एवं सदस्यता प्राप्त की।
